हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 11 अप्रैल 2026



# एक वार्ड में 23 मरीज, नींद में थे गार्ड और वार्ड ब्वाय, सीसीटीवी भी मिला खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देवादा स्थित मेंटल अस्पताल में हुए खूनी खेल के बाद पुलिस की टीम जांच में जुट गई है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के चलते पुलिस को आरोपी तक पहुंचने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है, जहां अस्पताल के सभी सीसीटीवी कैमरे बंद हैं। वहीं जिस रात यह घटना हुई, उस रात गार्ड और वार्ड ब्वाय भी नींद में थे। यही कारण है कि घटना के आरोपी को लेकर कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। हालांकि पुलिस ने एक संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि देवादा के जिस अस्पताल में यह घटना हुई, वहां इलाज के लिए सैकड़ों मरीज पहुंचते हैं। इनमे दर्जनों मरीजों को भर्ती भी रखा जाता है। दिमागी रूप से ग्रसित इन मरीजों की सुरक्षा पुख्ता रखना अस्पताल प्रबंधन की जिम्मेदारी बनती है, लेकिन इस मामले में हत्या के बाद अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही लापरवाही को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि मृतक पिछले 22 सालों से अपना इलाज करा रहा था। वहीं 29 मार्च को उसे अस्पताल में दाखिल किया गया था। अस्पताल प्रबंधन द्वारा मृतक मरीज को नींद आने के लिए नींद की दवा भी दी जा रही थी। वहीं संदेही को हाइफर होने जैसी शिकायतें थी। अपनी सीजोमिनिया बीमारी को लेकर ही वह अस्पताल में भर्ती हुआ था, जिस बैरक में यह घटना हुई वहां कुल 23 मरीज थे। जिसकी सुरक्षा के लिए 2 गार्ड के साथ ही 2 वार्ड ब्वाय भी रखे गए थे।

## संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी पुलिस टीम, देवादा स्थित अस्पताल का मामला

### संदेही से पूछताछ में अड़चन

पुलिस टीम ने इस मामले में संदेही मरीज को हिरासत में लेकर पूछताछ भी शुरू कर दी है। बताया गया कि संदेही के शरीर पर मारपीट के निशान दिखाई दिए। वहीं मौके पर मौजूद अस्पताल स्टाफ ने भी उसका नाम संदेही के रूप में बताया था। जिसके बाद से ही टीम सवाल-जवाब कर रही है। हालांकि दिमागी रूप से पीड़ित होने के चलते जांच में कई अड़चने भी आ रही है।


दो मरीजों के बीच विवाद की आशंका, प्रबंधन से पूछताछ कर रही टीम
मेंटल अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच विवाद पर हत्या, जांच शुरू

### अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही, कैमरे खराब

बताया गया कि अस्पताल में मरीजों पर निगरानी रखने एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, लेकिन यह सभी कैमरे बंद पड़े हुए हैं। अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही का ही नतीजा है कि घटना के बाद जब मौके पर पुलिस टीम पहुंची तो उसे जांच के लिए कोई फुटेज ही नहीं मिल पाया। हालांकि अब पुलिस ने अस्पताल को कैमरे दुरूस्त कराने के निर्देश दिए हैं।

### बाहर रहते हैं इक्विपमेंट

मिली जानकारी के अनुसार जिस बैरक में मरीजों को रखा जाता है वहां भीतर कोई भी इलाज सामग्री तक नहीं रखी जाती। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से बैरक के भीतर किसी भी ऐसी सामग्री को नहीं छोड़ा जाता। जिससे कोई घटना हो। यही कारण है कि पुलिस भी यह नहीं समझ पा रही है कि किस चीज से हमला कर हत्या की गई है। क्या हाथ से ऐसे वॉर किया जा सकता है, इसको लेकर भी जांच चल रही है।

---

## खबर संक्षेप

### रंगीटोला में खुली शराब दुकान

**राजनांदगांव।** चिचोला क्षेत्र के ग्राम रंगीटोला के लोगों ने आबकारी सहायक आयुक्त से मिलकर यहां प्रस्तावित शराब दुकान को उक्त स्थल पर ही खोलने की मांग की थी। ग्रामीणों ने कहा था कि गांव में शराब दुकान खोलने का कोई विरोध नहीं है। जिसके बाद आबकारी विभाग द्वारा उक्त चयनित स्थल पर शराब दुकान खोले जाने का आश्वासन दिया गया था। शुक्रवार को यहां शराब दुकान का उद्घाटन किया गया।

कई क्षेत्र में शराब दुकान खोले जाने को लेकर विरोध के स्वर दिखाई देते हैं, लेकिन चिचोला क्षेत्र के रंगीटोला में शराब दुकान खोलने की मांग की जा रही थी। इसके लिए स्थल चयन कर दुकान खोला जाना प्रस्तावित था। इसी बीच विवाद की खबरें सामने आने से शराब दुकान खोलने की प्रक्रिया नहीं की जा रही थी। जिसको लेकर ग्रामीणों ने शराब दुकान खोलने मांग की थी और कोई भी विरोध नहीं होना बताया था।

#### उद्घाटन में पहुंची महिलाएं

ग्रामीणों ने आबकारी अधिकारी से कहा था कि उक्त शराब दुकान का कोई विरोध नहीं है और इसके उद्घाटन में ग्रामीण खुद उपस्थित रहेंगे। आज उद्घाटन के अवसर पर बड़ी संख्या में रंगीटोला के महिला-पुरूष उपस्थित रहे।

---

### 74 बच्चे नहीं पहुंचे परीक्षा देने, 13-14 अप्रैल को होगा मूल्यांकन

# हिन्दी का पेपर दोबारा देने पहुंचे बच्चे बिजली ठप रहने से हुए हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 12वीं की हिंदी का पेपर लीक होने के बाद यह परीक्षा रद्द कर दी गई थी। लगभग 22 दिन बाद आज हिंदी विषय की परीक्षा कड़ी जांच पड़ताल और सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोबारा आयोजित की गई। जिलेभर में करीबन साढ़े आठ हजार बच्चें इस परीक्षा में शामिल हुए, वहीं कुछ स्कूलों में परीक्षा के दौरान बिजली ठप रहने से बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा नियुक्त केन्द्राध्यक्षों के साथ राजस्व अधिकारियों द्वारा सुबह 7.15 बजे सभी थाना से प्रश्नपत्र संबंधित परीक्षा केन्द्रों में पुलिस की अभिरक्षा के साथ पहुंचाया गया। जिले के नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार द्वारा थाना से प्रश्नपत्र निकालने हेतु राजस्व के अधिकारियों को प्रत्येक थाना के लिए नियुक्त किया था। सभी राजस्व अधिकारियों द्वारा मिलान कर प्रश्नपत्र निकाला गया।



#### 74 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि सभी केन्द्रों में शांतिपूर्ण परीक्षा संचालित हुआ है। उन्होंने बताया कि उक्त परीक्षा में दर्ज संख्या 8880 थी। जिसमें से परीक्षा में 8806 परीक्षार्थी उपस्थित होकर परीक्षा दी। वहीं 74 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

#### बीईओ को जारी की गई नोटिस

इस मामले में जहां विपक्षी दल कांग्रेस भी सत्ताधारी दल पर सवाल खड़े कर रही है। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी पीएस बघेल ने बीईओ को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। बीईओ से पूछा गया है कि जब बिजली विभाग द्वारा पहले से ही सप्लाई बाधित रहने की सूचना जारी की जा चुकीं थी तो परीक्षा के लिए जनरेटर की व्यवस्था क्यों नहीं की गई थी। ज्ञात हो शुक्रवार को शहर के कुछ इलाकों में सप्लाई ठप थी।

#### कई स्कूलों में बिजली रही ठप, परेशान हुए परीक्षार्थी

शहर के प्यारेलाल स्कूल में आयोजित परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, क्योंकि इस क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा 3 घंटे के मेंटेनेंस कार्य के लिए लाइट बंद किया गया था। सुबह 9 से 12.15 बजे तक परीक्षा आयोजित थी और बिजली विभाग द्वारा सुबह 9 से 12 बजे तक लाइट बंद किए जाने के चलते गर्मी के बीच विद्यार्थी हलाकान होते रहे। जबकि परीक्षा की तिथि निर्धारित थी। ऐसे में परीक्षा केंद्र क्षेत्र को छोड़कर अन्य क्षेत्र में मेंटेनेंस कार्य किया जा सकता था, लेकिन विद्युत विभाग द्वारा परीक्षा केंद्र क्षेत्र में मेंटेनेंस किए जाने से गर्मी के बीच परीक्षार्थियों को सफर करना पड़ा। इस बीच तहसीलदार के माध्यम से परीक्षा होने की जानकारी देकर क्षेत्र में लाइट चालू करने कहा गया था, लेकिन मेंटेनेंस कार्य का हवाला देकर लाइट चालू नहीं किया गया।

#### 88 केन्द्रों में आयोजित हुई परीक्षा

12वीं बोर्ड परीक्षा में हिंदी का पर्चा लीक होने के बाद इस परीक्षा को रद्द किया गया था। इसके बाद 10 अप्रैल को हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। जिले में बने 88 परीक्षा केन्द्रों में लगभग 8 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने अलग-अलग केन्द्रों में जाकर परीक्षा व्यवस्था को लेकर जायजा लिया। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला स्टेशन मुढ़ीपार, टेडेसरा, घुमका, सुकुलदैहान एवं ठाकुर प्यारेलाल स्कूल का निरीक्षण किया गया। वहीं नोडल अधिकारी द्वारा टेडेसरा, सोमनी, सुकुलदैहान, सर्वेश्वरदास सेजेस शाला एवं धनगांव का निरीक्षण किया गया, जहां कोई भी नकल प्रकरण नहीं पाया गया। वहीं विभाग द्वारा नकल रोकने अलग-अलग उड़नदस्ता टीम भी बनाई गई थी।

---

# जमीन दिखाने व पैसा डबल करने का झांसा देकर नोट भरा बैग ले भागा, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जमीन दिखाने व नोट डबल करने का झांसा देकर प्रार्थी से आरोपी ने 1.75 लाख रुपए की झपटमारी कर फरार हो गया था। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने तीन घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी जयराम नागपुरे निवासी ग्राम पाउडदउना थाना साल्हेकसा जिला गोंदिया ने थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 9 अप्रैल को वह अपने साथी नर्मदा प्रसाद लाऊत्रे के साथ आरोपी मनोज जोशी उर्फ अमित हट्टेवार के कहने पर जमीन देखने के लिए मोहारा राजनांदगांव आया था। पुलिस के अनुसार घेराबंदी कर आरोपी मनोज जोशी उर्फ अमित हट्टेवार शिवनगर को गिरफ्तार किया गया।पूछताछ के दौरान आरोपी ने प्रार्थी से नोटों से भरे बैग की झपटमारी करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से काले रंग का बैग एवं उसके अंदर रखे 1,75,000 रुपए बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर ने जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव भेजा गया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन में आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई। निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में टीम द्वारा तत्काल आरोपी की पतासाजी कर संभावित स्थानों पर दबिश दी गई।

#### रुपए का बैग लेकर भागा

जमीन का ब्याना देने के लिए प्रार्थी अपने पास रखे काले रंग के बैग में कुल 1,75,000 रुपए लेकर आया था और आरोपी का इंतजार कर रहा था। लगभग 4.30 बजे आरोपी वहां पहुंचा और बातचीत के दौरान प्रार्थी को असली नोट के बदले डबल कर नकली नोट देने का लालच दिया। इसी दौरान आरोपी ने मौका पाकर प्रार्थी के पास रखे 1,75,000 रुपए से भरे बैग को झपटकर हाईवे रोड की ओर भाग गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 304 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

---

### नेताओं के रिश्तेदार और पार्षदों के कब्जे में ठेका, सफाई ठप

# दो साल से सफाई ठेके का नया टेंडर नहीं!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर को साफ रखने के लिए हर साल होने वाला सफाई का ठेका पिछले दो साल से नहीं हो पाया है। बड़ी बात यह है कि लगातार इसकी अवधि को बढ़ाने का काम सत्ता सरकार कर रही है। जबकि मौजूदा ठेकेदारों द्वारा नियमित सफाई नहीं किए जाने की लगातार शिकायतें सामने आ रही है। इसके बावजूद नेताओं के रिश्तेदारों और पार्षदों द्वारा महिला समूहों की आड़ में चलाए जा रहे ठेके का नया टेंडर नहीं किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि शहर के 26 वार्डों में सफाई व्यवस्था पिछले लंबे सालों से ठेके पर ही दी जा रही है। दो साल पहले 2024 में तत्कालीन कांग्रेस शहर सरकार द्वारा इसका टेंडर कराया गया था। उस दौरान भी काफी शिकायतें सामने आई थी कि अपने लोगों को टेंडर बांट दिया गया है। पिछले साल फरवरी महीने में नगर निगम का चुनाव के बाद सत्ता बदल गई है। अब शहर में भाजपा की सरकार है, लेकिन आज भी सफाई की व्यवस्था वहीं बनी हुई है, ना तो टेंडर नया किया जा रहा है और ना ही ठेकेदार बदले जा रहे हैं। अपने रिश्तेदारों को तीन से चार ठेका दे दिया गया है। यही कारण है कि नियमित सफाई नहीं होने पर भी कार्रवाई नहीं हो पाती है। भले ही निगम हर साल केवल 26 वार्ड की सफाई के लिए करोड़ो रुपए फूंक रहा हो, लेकिन नेताओं द्वारा ठेका संचालन किए जाने के चलते शहर की सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। आलम यह है कि नेताओं द्वारा संचालन किए जाने के चलते अफसर एक्शन लेने से भी पीछे हट रहे है। यहीं कारण है कि जनता का करोड़ो रुपए हर साल बर्बाद हो रहे है। वहीं यह शिकायतें भी लगातार सामने आती रही है कि वार्ड में तय कर्मचारियों से आधा या कम संख्या में लोगों को तैनात कर मुनाफा कमाने का काम ठेकेदार करते आए है जिसपर भी अंकुश नहीं लगाया जा सकां है।

#### चेहरे बदले, समूह वही

दो साल पहले शहर के 26 वार्डों का सफाई ठेका जिन महिला समूहों को दिया गया था, आज भी वही महिला समूहों द्वारा इनका संचालन करती रही है। हालांकि महिला समूहों की आड़ में जो नेता उस समय ठेका चला रहे थे, उनमें से कई बदल दिए गए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार निगम के सत्ता से जुड़े नेताओं के परिजन एवं उनसे जुड़े लोगों के साथ ही भाजपा और कांग्रेस के नेताओं को ठेका बांट दिया गया है।

#### हर साल करोड़ों रुपए का बोझ

निगम के 26 वार्डों में सफाई व्यवस्था संभालने के लिए लगभग चार सौ कर्मचारियों का ठेका किया जाता है। हालांकि यह ठेका वार्डवार कर्मचारियों की संख्या के आधार पर होता है। लगभग दो लाख रुपए का भुगतान हर वार्ड के पीछे महीने का किया जाता है। सालभर में केवल ठेका वार्डों की सफाई के लिए निगम चार से पांच करोड़ का भुगतान करता है, लेकिन इसके बाद भी शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है।

---

### रक्तदान शिविर 18 को

**राजनांदगांव।** परशुराम समाज द्वारा परशुराम मार्ग स्थित परशुराम भवन में आगामी 18 अप्रैल को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा।

### माए एंगल












## खबर संक्षेप

### युवाओं ने किया रक्तदान

**सुकुलदैहान।** ग्राम पंचायत और ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम में गत दिनों रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पद्मश्री फूलबासन यादव, कृष्णा खरे, विकास श्रीवास्तव, बंदिश नेमपांडे,राजेश वर्मा ने शामिल होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। आयोजन में मनीष विश्वास, आकाश देवांगन, मुन्ना पाल, खिलेश्वर यादव, विश्वनाथ देवांगन आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### जैन परिवार ने कॉलेज को दिया फ्रिज

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष टामेश्वर साहू की पहल पर स्व. शकुन देवी जैन की स्मृति में डॉ सुभाषचंद, अभय जी जैन एवं नवकर ट्रेडर्स के सौजन्य से रेफ्रिजरेटर प्रदान किया गया। यह रेफ्रिजरेटर विज्ञान संकाय में प्रयोग होने वाले रसायनों को अधिक तापमान से सुरक्षित रखने में मददगार साबित होगा साथ ही प्रयोगशाला में परीक्षण प्रतिदर्श को अधिक तापमान में सुरक्षित रखेगा। सरपंच ललिता साहू, किसान स्कूल के जनभागीदारी अध्यक्ष विजय जैन प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर, अतिथि व्याख्याता डॉ. संजू सिंह, डॉ. काव्या जैन, कंचन साहू, चांदनी, शुभ जैन, ओमप्रकाश सहारे, संध्या, हिमानी साहू, मनोज प्रधान, डॉ. हेमलता विरदी, योगिता ठाकुर, चंद्रकांत कुंभकार, ज्ञानेश्वर प्रसाद, खेलन साहू ने इस पहल की सराहना करते हुए दानादाता परिवार का आभार व्यक्त किया है।



### जंगल में अवैध महुआ शराब बरामद

**मोहला।** आबकारी विभाग की टीम ने गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए मुंजाल के जंगल से अवैध महुआ शराब और लाहन बरामद किया है। जानकारी के अनुसार 7 अप्रैल को नियमित गश्त के दौरान विभागीय टीम को जंगल क्षेत्र में लावारिस हालत में लगभग 35 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब तथा करीब 1500 किलोग्राम महुआ लाहन मिला। बरामद सामग्री को जब्त करते हुए विभाग ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34 (2) एवं 59 (क) के तहत अपराध दर्ज कर मामला विवेचना में लिया है।

### सैकड़ों सांपों का किया रेस्क्यू

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय की एमएससी वनस्पति शास्त्र एवं डीसीए के पूर्व छात्र किरण कुमार वर्मा द्वारा महाविद्यालय परिसर एवं आसपास निकलने वाले सांपों को सुरक्षित तरीके से पकड़कर लोगों की जान-माल की रक्षा करने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जब भी महाविद्यालय अथवा ग्रामीण क्षेत्रों में सांप निकलने की सूचना मिलती है तो किरण साहू तत्काल मौके पर पहुंचकर सावधानीपूर्वक सांप का रेस्क्यू करता है और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ देता है। छात्र किरण साहू ने बताया कि वह पिछले लगभग 10 वर्षों में सैकड़ों सांपों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर चुका है। उसे जहरीले एवं गैर-जहरीले सांपों की अच्छी जानकारी है, जिसके कारण वह इस कार्य को कुशलता से कर पाता है।अनेक सांपों को पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा है। इस कार्य के लिए वार्षिकोत्सव में उसे सम्मानित किया गया।



### आउटसोर्सिंग के विरोध में प्रदर्शन एक मई को

**डोंगरगढ़।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में रिक्त पदों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से भरने के हालिया आदेश पर छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय कर्मचारी संघ ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। संघ के महामंत्री योगेश चौरे ने इस आदेश को कर्मचारियों के हितों पर सीधा हमला बताया है। श्री चौरे ने विषय की गंभीरता को देखते हुए नवंबर में दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय अधिकारियों और मंत्रियों से चर्चाएं की थीं। उन्होंने आउटसोर्सिंग प्रथा पर रोक लगाने और स्थानीय अनुभवी कर्मचारियों के नियमितीकरण की वकालत की थी। उन्होंने बताया कि कर्मचारी विरोधी आदेश जारी करने के विरोध में आगामी एक मई को बड़ा आंदोलन किया जाएगा।पैदल चाल के पश्चात दिल्ली सरकार और राज्य नोडल अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।



### पूर्व मुख्यमंत्री बघेल से सौजन्य भेंट



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सौजन्य भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान संगठनात्मक मजबूती, वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर श्री बघेल ने कांग्रेस में सक्रिय भूमिका निभा रहे श्री लोधी को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी।

### बैठक में कमेटी गठन पर चर्चा

**डोंगरगढ़।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में बूथ व वार्ड क्रमांक 16 में 8 अप्रैल को पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रघुवर प्रसाद अग्रवाल के निवास में बूथ व वार्ड समिति गठन के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रभारी जितेंद्र भाटिया, शिशुपाल भारती, मतीन खान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष हरीश भंडारी, मंगलीन बाई, निशा निर्मलकर, रितु निर्मलकर, कैलाश वर्मा, आयुष गोयल, वेदांश ताम्रकार, मधु श्रीवास्तव, बिंदाबाई, अनिल चोपड़ा, भागवत साहू, हुमान साहू, दुलीचंद बडोले, गणपत रजक आदि शामिल हुए।



# रास्ता बनाने के लिए किसानों ने दान में दी जमीन

## पढ़ाई छोड़ने लगे थे गांवों के परेशान बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

ब्लाक के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत पिनकापार, कुबराडीह, रानीतलाव सहित आसपास के चार गांवों के ग्रामीणों ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए अपने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखकर रास्ता निर्माण के लिए जमीन दान करना तय किया। यह पहल जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा के प्रयासों से संभव हो सकी है।

जानकारी के अनुसार श्री सिन्हा के निवेदन पर राजकुमार ठाकुर, अवधराम कंवर, लीमनकुमार कंवर, रामसाय ठाकुर, नरेन्द्र कुमार सिन्हा, भागचंद यादव, रहिमन साहू ने समाजहित में अपनी जमीन देने का सराहनीय कदम उठाया। ग्राम पंचायत पिनकापार में आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि पिनकापार में हाईस्कूल होने के कारण आसपास के गांवों के बच्चे रोजाना पगडंडी रास्ते से होकर स्कूल आते-जाते हैं। बारिश के दिनों में यह रास्ता खतरनाक हो जाता है, जिससे कई बच्चों को पढ़ाई छोड़ने की मजबूरी होना पड़ता है। जानकारी के अनुसार लगभग 70–80 बच्चों ने आवाजाही की समस्या के कारण टीसी ले चुके है।

### बैठक में लिया सामूहिक निर्णय

इस गंभीर समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने बैठक कर स्थायी समाधान निकालने का निर्णय लिया। जहां सड़क निर्माण प्रस्तावित है, वहां निजी जमीन है। बैठक में जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने किसानों से बच्चों के भविष्य को देखते हुए जमीन दान करने का निवेदन किया। उनकी अपील का असर यह हुआ कि किसानों ने एक-एक कर अपनी लिखित सहमति दी।



**श्रमदान से बनेगा रास्ता** ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि रास्ता निर्माण श्रमदान के माध्यम से किया जाएगा, ताकि जल्द से जल्द बच्चों और ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिल सके। इस अवसर पर गीतालाल पटेल, सुखलाल चंद्रवंशी, सरपंच मनसालाल कंवर, छन्नूलाल वारदे, बेलास राम गंधर्व, राजवीर सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### दानदाताओं का सम्मान

निर्णय के बाद ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए दानदाताओं को गुलाल लगाकर सम्मान किया। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि हम सभी एक अत्यंत पुण्य और प्रेरणादायक कार्य के साक्षी बने हैं। किसी व्यक्ति द्वारा अपनी जमीन को समाजहित में दान देना केवल जमीन का दान नहीं, बल्कि विकास, सहयोग और मानवता का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि रास्ता केवल आने-जाने का साधन नहीं होता, बल्कि गांव के विकास की धुरी होता है। उन्होंने दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका यह त्याग आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा।

## फरार आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं

# नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी के मामले बढ़े

## कार्रवाई नहीं होने से पीड़ित निराश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

क्षेत्र में इन दिनों सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। शिकायतों के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से ठगों के हौसले बुलंद हैं वहीं पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार शिक्षित बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी दिलाने का प्रलोभन देकर संगठित तरीके से ठगी की जा रही है। इस मामले में एक आरोपी देवेंद्र गोरले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, लेकिन भिलाई का भाजपा नेता जयप्रकाश यादव अब तक फरार है। ग्राम रीवागहन के जगत राम वर्मा ने आरोप लगाया है कि गांव के ही दो लोगों ने पुत्र को पुलिस विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर वर्ष 2021 में किस्तों में 5 लाख 40 हजार लिए थे।

यह लेन-देन एक परिचित की मौजूदगी में हुआ था। वहीं विष्णुपुर निवासी भोजराम वर्मा ने आरक्षक पद पर भर्ती कराने के नाम पर 4 लाख रुपये लेने का आरोप लगाया है। ग्राम रीवागहन के नंदकुमार वर्मा ने वेयरहाउस छुरिया में चपरासी की नौकरी दिलाने के नाम पर 1 लाख और खिलेश वर्मा ने अपनी पत्नी को आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर नियुक्ति दिलाने के नाम पर 50 हजार ठगे जाने की शिकायत दर्ज कराई है।

### शिकायत पर कार्रवाई शून्य

पीड़ितों ने बताया कि डोंगरगढ़ थाने में करीब एक माह पूर्व लिखित शिकायत की गई थी। पुलिस ने जांच का आश्वासन देकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। अब तक न जांच आगे बढ़ी है और न ही किसी आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि जब फरियादी थाना पहुंचते हैं, तो उन्हें यह कहकर डराया जाता है कि नौकरी के नाम पर पैसा देने वाले भी आरोपी बनाए जा सकते हैं। इस डर के कारण पीड़ित ग्रामीण न्याय के लिए भटकने मजबूर हैं।

### कर्ज लेकर या धान बेचकर दी रकम

पीड़ितों ने बताया कि किसी ने कर्ज लेकर तो किसी ने धान बेचकर रकम जुटाई थी। अब जब वह पैसे वापस मांगते हैं, तो आरोपियों द्वारा गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी दी जाती है, जिससे उनका परिवार मानसिक तनाव में है। पीड़ितों ने लेन-देन से संबंधित एक वीडियो क्लिप भी पुलिस को सौंपी है, जिसमें नगद राशि दिए जाने का दृश्य कैद है। पीड़ितों ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर ठगी रैकेट का पर्दाफाश करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो इस तरह के मामलों में और बढ़ोतरी हो सकती है।

### ट्रेडिंग के नाम पर 37 लाख की ठगी

**डोंगरगढ़।** शेयर मार्केटिंग के नाम से 37 लाख की ऑनलाईन ठगी का मामला अक्टुबर माह से सामने आया था। इस मामले में अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के बाद पीड़ित परिवार के वरिष्ठ सदस्य शशांक उपाध्याय ने मौन सत्याग्रह की अनुमति पुलिस के आला अधिकारी से मांगी है। श्री उपाध्याय ने पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाया कि पुलिस के अधिकारियों ने मौन सत्याग्रह से संबंधित आवेदन लेने से इंकार कर दिया है। उन्होंने बताया कि आशुतोष उपाध्याय पिता विष्णु कुमार उपाध्याय निवासी टिकरापारा शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम हुई धोखाधड़ी का शिकार हुआ है। मामले की शिकायत डोंगरगढ थाने में 16 अक्टूबर 25 को दर्ज कराई गई थी परंतु 36 लाख की ठगी के इस मामले में आज तक कोई प्रगति नहीं हुई है। उन्होंने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र सौंपा था जिसके बाद भी कार्यवाही नहीं होने से प्रार्थी ठगा सा महसूस कर रहा है। उन्होंने 13 अप्रैल से मौन सत्याग्रह करने की अनुमति पुलिस अधीक्षक से मांगा है।

# माजदा की ठोकर से गंभीर हुआ चालक



**बांधाबाजार।** ग्राम के गुप्ता पेट्रोल पंप के सामने एक सड़क हादसा हो गया। ईंटों से भरा एक माजदा अनियंत्रित होकर छोटा हाथी से टकरा गया जिससे चालक का पैर वाहन के कैबिन में फंस गया। कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला जा सका। यह घटना शुक्रवार को शाम करीब 4.15 बजे की है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ड्राइवर का पैर वाहन में दब गया था। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने मौके पर मौजूद भीड़ को व्यवस्थित किया। जानकारी के अनुसार चालक का पैर बुरी तरह फंसा होने के कारण उसे सामान्य तरीके से निकालना असंभव था। पुलिस की निगरानी में मशीन से लोहे को काटकर चालक के पैर को सुरक्षित बाहर निकाला गया। पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना किया और दुर्घटना के कारणों की विवेचना शुरू कर दी है।

### समीक्षा बैठक में बनी कार्य योजना

**डोंगरगढ़।** एकल विद्यालय समिति की अंचल समीक्षा आयोजित की गई। बैठक में अंचल अध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, संरक्षक विश्वनाथ यादव, प्राथमिक शिक्षा प्रभारी जागेश्वर निषाद, महिला समिति अध्यक्ष वैशाली देशकर, अचलासिंह ठाकुर, प्रियंका वर्मा, शुभांगी आप्टे, राज गुप्ता, धर्मशिला गुप्ता, सेत यदु, उमा चांदिरामनी, रुक्मणी साहू, निर्मला तिवारी एवं सत्यनारायण यादव शामिल हुए। बैठक में नवीन आचार्य की सूची पर चर्चा की गई। आचार्य एप, कार्यकर्ता एप पर चर्चा कर उसे विस्तार दिया गया। आरटीआई, वार्षिकोत्सव, दरी वितरण, रामनवमी, हिंदू नव वर्ष पर चर्चा के साथ आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। वार्षिकोत्सव आयोजित करने पर चर्चा किया गया। बैठक को श्रीमती गुप्ता, सेत यदु, श्रीमती चंदिरामनी आदि ने संबोधित किया। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। समिति के सदस्यों ने मां बमलेश्वरी के दर्शन किया। तत्पश्चात अध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल से सौजन्य भेंट की। अंत में श्रीमती देशकर ने आभार प्रदर्शन किया।

# नगर पालिका के खिलाफ फिर आंदोलन की तैयारी में कांग्रेस

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर कांग्रेस एक बार फिर प्रदर्शन करने की तैयारी में है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज चौहान और पूर्व पार्षद रिंकू यादव ने आरोप लगाया है कि नगर में शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा और बिना अनुमति निर्माण होने के बाद भी 3 दशक पूर्व बने मकानों को अवैध बताकर नोटिस जारी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका अधिकारी मुख्यालय में रहने के बजाय बाहर से आनाजाना करते है और निधारित समय अवधि में कार्यालय में नहीं होते। इसी प्रकार बाहर से आने वाली इंजीनियर बिना मौका मुआयना किए निर्माण कार्य का मूल्यांकन कर रही है।



उल्लेखनीय है कि शासकीय नाला पर कब्जा कर निर्माण कराने का मामला सामने आया था। इस मामले के उजागर होने के बाद नोटिस जारी किया गया था किन्तु बाद भी मामले को राजनीतिक दबाव में ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। मौके से कब्जा हटाने के बजाय बिना अनुमति निर्माण कराने की छुट दे दी गई है।

# भक्ति के साथ मनाया जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

तहसील साहू संघ डोंगरगढ़, सहसपुर मंडल एवं ग्रामीण साहू संघ, ठेकवा के तत्वावधान में मां कर्मा जन्मोत्सव समारोह, प्रतिभा सम्मान एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में कलश यात्रा निकालकर गांव भ्रमण किया गया। तत्पश्चात मां कर्मा की आरती और पूजा किया गया।



रक्तदान शिविर में 50 से अधिक ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ निरेंद्र साहू, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, भागवत साहू, किरण साहू, कोमल सिंह राजपूत, महापौर मधुसूदन यादव, दिनेश गांधी, महेन्द्र यादव, लता सिन्हा, कली निर्मल साहू, नीरा साहू, अमरनाथ साहू, नीलमणी साहू, चन्द्रशेखर साहू, महेश साहू, माधव साहू, मदनमोहन साहू, आशीष साहू, अशोक साहू, लता साहू, ज्ञानचंद साहू, ईश्वर साहू, रामभरोसा साहू, नामदेव साहू, रामेश्वरी साहू, हंसराज साहू,अशोक साहू, सुखचरण साहू, निर्मला साहू, कुलदीप साहू, मंथिर साहू, योधन साहू, कचरू साहू, हेमंत साहू, बुधराम साहू, मुकुंद मोहन साहू, दीपचंद साहू,पन्ना साहू,बीरबल साहू, घनश्याम साहू, हरीश साहू, छबिल साहू, हवन साहू आदि मौजूद थे।

# लोकल ट्रेन के लेट होने पर यात्रियों ने जताई नाराजगी

**डोंगरगढ़।** लोकल ट्रेन को रोकने की शिकायत रेल दैनिक यात्रियों ने की है। यात्रियों ने बताया कि सुबह 8.20 बजे वाली लोकल ट्रेन को रोज माल गाड़ियों को निकालने के लिए रोक दिया जाता है जिसके कारण उन्हे नियत स्थान पर पहुंचने में विलंब होता है और कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त गोंदिया से रायपुर ट्रेन को भी रोक दिया जाता है। दैनिक यात्रियों ने जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विजयराज सिंह चौहान से चर्चा की और इस विषय को गंभीरता से लेते हुए रेलवे प्रशासन से बात करने का आग्रह किया। दैनिक यात्रियों की समस्याओं को देखते हुए कांग्रेस की टीम स्टेशन मैनेजर एसके झा से मिलने पहुंची जहां पहुंचकर सभी ने ट्रेन के संचालन में अनियमितता के संबंध में श्री झा से शिकायत की। श्री झा ने त्वरित पहल करते हुए उच्च अधिकारियों से संपर्क कर लोकल ट्रेन विलंब होने के संबंध में अवगत कराया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश महानदी, कृष्ण गुप्ता, मंडल अध्यक्ष दिनेश साखरे, पार्षद के विनायक राव, गजेंद्र साहू, कृष्णा लिल्हारे,अरुण ग्वाला, सुमित खोब्रागड़े, अमित पांडेय, मोहसिन खान, अजय मंडावी आदि उपस्थित थे।



# सांकरीपार में पांच दिवसीय महायज्ञ आयोजित

**डोंगरगांव।** हनुमंत सेवा संस्थान राका ने सांकरीपार में पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन पंडित तेजेशवर महराज एवं तिलेन्द महराज के सानिध्य में किया। ग्राम के कुलेश्वर निषाद ने बताया कि इस महायज्ञ में सांसद संतोष पांडेय, सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष भरत वर्मा, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जनपद अध्यक्ष रंजीता पडोती, अंजु त्रिपाठी, गुलशन हिरवानी, मनीष साहू, ममता पटेल, मनीष, याददास साहू, श्रीमती दीपक, डोमन पटेल ने उपस्थित होकर धर्मलाभ उठाया। यह आयोजन श्री हनुमंत सेवा संस्थान के अध्यक्ष रेशम साहू, मोहन साहू, सह सचिव दिनेश निषाद एवं ग्रामवासियों की सहयोग से किया गया था।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे कांग्रेस के महामंत्री

**छुईखदान।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी केसीजी के अध्यक्ष कोमल साहू के मार्गदर्शन में पार्टी के महामंत्री सज्जाक खान और सुदीप श्रीवास्तव, किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवराज किशोर दास सहित असंगठित कर्मकार के महामंत्री कमलेश यादव, दीपक वैष्णव ने वनांचल क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान संगठन सृजन अभियान के तहत बूथ कमेटी एवं पंचायत कमेटी के गठन को लेकर ग्राम सरोधी पहुंचे, यहां पूर्व सरपंच राजेंद्र मेरावी और लोचन मरकाम के साथ बैठक कर बूथ प्रभारियों की जानकारी ली। बैठक में सरोधी, भावे, कुम्हरवाड़ा और गेरुखदान क्षेत्रों में बूथ प्रभारियों के नाम जल्द से जल्द उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। इसके अलावा ग्राम बकरकट्टा में कांग्रेस के मंडल प्रभारी से मुलाकात कर बूथ प्रभारी नियुक्ति को लेकर विचार-विमर्श किया।

### बढ़ने लगी गर्मी

**राजनांदगांव।** अप्रैल माह लगने के बाद से गर्मी ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। दोपहर के समय तेज धूप के चलते लोगों का घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है।

### क्षेत्र में जल स्तर गिरने से बढ़ी समस्या


# टंकी बनी पर नल सूखे के सूखे, गहराया पेयजल संकट

## नल-जल योजना हो रही फ्लाप साबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

गर्मी शुरू होते ही ग्रामीणों इलाकों में पेय एवं निस्तारी जल की समस्या लगातार सामने आ रही है। क्षेत्र के गांवो में हैंड पम्प, कुआं का उपयोग नगण्य होने से अधिकांश गांव के लोग नल जल योजना पर आश्रित है। कुछ गांव ऐसे हैं जो योजना शुरू की ओर मुंह ताकते बैठे हैं कि कब उनके गांव में इसकी सुविधा मिलेगी।

ग्राम पंचायत खैरबना के आश्रित ग्राम गुमानपुर में चार साल पहले योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण होने से ग्रामीणों के चेहरे में चमक थी। कि अब गांव में पेय जल की समस्या दूर हो जाएगी। नलों में स्वच्छ पेयजल आएगा परन्तु यहां के ग्रामीणों की आश आज भी अधूरी है। चार साल से बन कर तैयार पानी टंकी से आज तक घरों में पानी की सप्लाई नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नल-जल योजना के तहत पानी टंकी बने चार साल हो गए है। योजना का बोर भी है। परन्तु कतिपय कारण से अब तक शुरू नहीं हो सका है। हर साल गर्मी के दिनों में लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। इस समस्या से विभाग को कई दफा अवगत कराया जा चुका है। परन्तु योजना जल्द शुरू होने का हवाला देकर चुप्पी साध लिया जाता है। वर्तमान में यहां के भी जलस्तर में कमी के चलते लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। इसी प्रकार पंडरिया, बेलगांव, नवापारा, जीराटोला, चकनार, बगदूर आदि गांव में नल जल योजना से ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझ पा रही है।





### निजी बोर के सहारे पेयजल पूर्ति

गांव में करीब आधा दर्जन से अधिक हैंड पम्प है। जिसमें से एक दो को छोड़ सभी दम तोड चुके है। जिससे यहां के लोग निजी बोर के सहारे अपनी पेय जल की आपूर्ति कर रहें हैं। अधिकतर लोगों को काफी दूर से पानी लाना मजबूरी हो गई है।

### पाईप लाइन का विस्तार अधूरा

ग्रामीणों ने बताया कि चार साल पहले पानी टंकी के निर्माण के साथ पाईप लाईन का विस्तार किया गया था। तथा लगभग सभी घरों में नल का कनेक्शन दिया गया है। पर नलों में अब तक पानी नहीं आया है। आगे मिली जानकारी अनुसार यहां पाईप लाईन का विस्तार अधूरा है। गांव के कुछ मोहल्ला में अब तक पानी का पाईप लाईन नहीं बिछा है।

# संगीत विवि कला एवं व्यक्तित्व विषय पर विशेष व्याख्यान

## नृत्य, संगीत, गायन, वादन की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि कुलपति प्रोडॉ लवली शर्मा के संरक्षण में श्रुति मंडल कार्यक्रम हुआ जहां कला एवं व्यक्तित्व विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य रामाशीष सिंह ने कला एवं व्यक्तित्व के संबंध में सारगर्भित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कला और व्यक्तित्व कई चीजों से मिलकर बना है। व्यक्तित्व आपके भीतर है, कहीं बाहर नहीं है। उन्होंने उदाहरण के साथ व्यक्तित्व विकास की जानकारी दी। कला साधना को लेकर उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आपके जीवन में गुरु की केवल इतनी भूमिका है कि वे आपको आपके भीतर की क्षमता एवं शक्ति से परिचित कराते हैं। कला साधना को निखारने का काम आपको स्वयं करना होगा। उन्होंने नाट्यशास्त्र के प्रकटीकरण के संबंध में जानकारी देते हुए इसकी व्याख्या की। कला का विस्तृत वर्णन करते हुए नृत्य, संगीत, गायन, वादन के साथ ही विभिन्न कलात्मक तत्वों की भी जानकारी दी। रामाशीष सिंह ने विद्यार्थियों को भारतीय संगीत की विशेषता और पाश्चात्य संगीत की नकारात्मकता से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अपने भीतर परिवर्तन लाने के बाद ही समाज में परिवर्तन लाया जा सकता है।



### कई तरह के हो रहे शोध

कुलपति प्रोडॉ लवली शर्मा ने कहा कि इस विवि का स्वरूप निराला है, मुख्य वक्ता श्री सिंह ने अब तक की श्रृंखला को सोदाहरण प्रस्तुत किया और हम सभी ने मनोयोग के साथ सुना और समझा है। वर्तमान में इस तरह की विचारधारा कम होती जा रही है। हमारे देश का सांस्कृतिक इतिहास महत्वपूर्ण है, प्राचीन काल से हमारे वेदों में ऐसे श्लोक का वर्णन है, जिसके द्वारा बहुत कुछ करने की संभावना है। आज कई तरह के शोध हो रहे हैं जिसके माध्यम से इन चीजों को सामने लाने की आवश्यकता है। श्री सिंह का वक्तव्य सभी के जीवन में आत्मसात करने लायक है। मंच संचालन अतिथि व्याख्याता डॉ. परमानंद पांडेय ने व सहायक प्राध्यापक विवेक नवरे ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता कला संकाय प्रो राजन यादव, अधिष्ठाता संगीत संकाय प्रो नमन दत्त, श्रुति मंडल संयोजिका डॉ. दीपशिखा पटेल, सदस्य डॉ. हरिओम हरि व डॉ. दिवाकर कश्यप सहित शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### झेरिया यादव समाज का चुनाव 12 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रांतीय अध्यक्ष और प्रबंधकारिणी समिति का चुनाव 12 अप्रैल को मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्थापित प्रदेश के विभिन्न मतदान केन्द्रों में संपन्न होगा। राजनांदगांव महानगर इकाई के मतदाताओं के लिए दीनदयाल नगर चिखली स्थित सामाजिक भवन में मतदान केंद्र बनाया गया है, जहां महानगर क्षेत्र के मतदाता रविवार को सुबह 10 से 3 तक मतदान कर सकेंगे। मतदान के आधे घंटे के पश्चात मतों की गणना की जाएगी।

# गोवंश की चोरी कर बेचने का आरोप

**राजनांदगांव।** शहर के चौखड़ियापारा क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा लंबे समय से गौ तस्करी करने की शिकायत लेकर आज गौसेवक बसंतपुर थाना पहुंचा। इस मामले में लोगों ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की।

शहर के चौखड़ियापारा क्षेत्र में गौवंश की चोरी कर उसे बेचने का मामला सामने आया है। वार्ड के लोगों के साथ गौसेवकों ने बसंतपुर थाना पहुंचकर इस मामले में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने मांग की है। वार्ड के संतोष कुमार साहू ने कहा कि काफी दिनों से मोहल्ले के ही देव यादव द्वारा गौ तस्करी की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमने सबूत के साथ पकड़ने सीसीटीवी कैमरे की मदद ली और सीसीटीवी कैमरे में एक नंदी को बेचते हुए फुटेज रिकार्ड हुआ है। गौ सेवकों ने कहा कि आरोपी व्यक्ति द्वारा एक नंदी को 15 हजार में बेचा जा रहा था।

### पहले भी हुआ है मामला

एफआईआर की मांग लेकर पहुंचे मोहल्ले के लोगों ने कहा कि रातभर नंदी को घर के कमरे में बंद रखा गया और सुबह वाहन के माध्यम से उसे बेचने की तैयारी की गई थी। जैसे ही वाहन में नंदी को चढ़ाया गया, गौ सेवकों की मदद से उक्त नंदी को छुड़ा लिया गया। इस मामले में गौ सेवकों ने कार्रवाई किए जाने की मांग की है। बसंतपुर थाना पहुंचे लोगों ने बताया कि इससे पहले भी अन्य गौवंश को चोरी कर बेचा गया है।

# यातायात नियमों का उल्लंघन चालकों पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

- शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई

यातायात नियमों का उल्लंघन एवं शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार जिला पुलिस केसीजी द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने शराब पीकर वाहन चलाने एवं यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। माह अप्रैल 2026 में मोटर साइकिल में तीन सवारी पर 258 प्रकरण, समन शुल्क 77400, बिना नम्बर 134 प्रकरण, समन शुल्क 40200, बिना हेलमेट 36 प्रकरण समन शुल्क 18000, बिना सीट बेल्ट 17 प्रकरण समन शुल्क 8500, वाहन चलाते समय मोबाइल में बात करना 2 प्रकरण समन शुल्क 600, मालवाहक में यात्री परिवहन 5 प्रकरण समन शुल्क 1500, नाबालिग द्वारा वाहन चलाना 1 प्रकरण समन शुल्क 2000, प्रेशर हॉर्न 29 प्रकरण समन शुल्क 8700, यातायात नियमों का पालन न करना 83 प्रकरण समन शुल्क 24900 एवं अन्य धाराओं के तहत 100 प्रकरण समन शुल्क 32400 कुल 665 प्रकरण पर समन शुल्क 2,14,200 रुपए एवं शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने पर 87 प्रकरण पर न्यायालय द्वारा 9,65,000 रुपए का अर्थदंड से दंडित किया गया।

### छह प्रकरण में लाईसेंस निलंबन के लिए कार्रवाई

जिला पुलिस केसीजी व्यापक स्तर पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने वाले वाहन चालकों पर मोटर अधिनियम के तहत कार्रवाई करते लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई के लिए 6 प्रकरण में संबंधित परिवहन विभाग को भेजी गई है। यातायात नियमों का पालन कराने जनजागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी दिया जा रहा है एवं नियमों के उलंघनकर्ताओं पर मोटर अधिनियम के तहत कार्रवाई निरंतर जारी है।

# मरकामटोला पीएचसी, एनक्यूएएस मूल्यांकन में 89.10 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में पहला



- स्वास्थ्य विभाग सहित क्षेत्रवासियों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

ब्लाक के मरकामटोला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एनक्यूएएस मूल्यांकन में 89.10 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उपलब्धि हासिल करने वाला जिले का पहला पीएचसी बना जिसके चलते पूरे स्वास्थ्य विभाग सहित क्षेत्रवासियों में हर्ष है।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सतत सुदृढ़ीकरण, गुणवत्ता सुधार व मरीज केंद्रित सेवाओं के विकास पर विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है, जिसका सकारात्मक परिणाम अब जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखने लगा हैं। मरकामटोला पीएचसी की यह उपलब्धि इन्हीं प्रयासों का परिणाम है। संस्था स्तर पर उपलब्धि चिकित्सा अधिकारी डॉ सकुन बंजारे के नेतृत्व में संस्था प्रभारी केशव कन्नौजे, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल टीम व समस्त कर्मचारियों के टीमवर्क का पहरिणाम है। इसमे जीवनदीप समिति का विशेष सहयोग मिला।

### विभिन्न मानको का गहन परीक्षण

जानकारी अनुसार केंद्र का बाह्य मूल्यांकन 28 एवं 29 जनवरी को किया गया था जिसका परिणाम 5 अप्रैल को घोषित हुआ। मूल्यांकन दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, मरीज सुरक्षा, संक्रमण नियंत्रण, स्वच्छता व्यवस्था, दवा उपलब्धता, अभिलेख प्रबंधन, सेवा प्रदाय व्यवस्था व मरीज संतुष्टि सहित विभिन्न मानकों का गहन परीक्षण हुआ जिसमें केंद्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उपलब्धि में यूनिसेफ छग के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ गजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में डॉ अक्षय तिवारी, डॉ. प्रीतम राय का तकनीकी सहयोग रहा। सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा के नेतृत्व में डीपीएम सोनल ध्रुव व बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन द्वारा प्रभावी समन्वय मिला। बीपीएम आकाश तंबोली ने सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की गई, वहीं संभागीय गुणवत्ता आश्वासन सलाहकार डॉ कविता चंद्राकर के मार्गदर्शन ने सफलता को नई दिशा दी। जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इस उपलब्धि पर पीएचसी मरकामटोला की पूरी टीम को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी केंद्र आमजन को गुणवत्तापूर्ण व मानक आधारित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती रहेंगी।

# सरकारी जमीन का आबंटन, सरपंच-सचिव दोषी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

ब्लाक के गर्रापार ग्राम पंचायत द्वारा सरकारी जमीन को बकायदा प्रस्ताव कर आबंटित किए जाने के मामले में एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू की कोर्ट ने सरपंच को धारा 40 के तहत नोटिस जारी करने के बाद जिम्मेदार पंचायत सचिव के खिलाफ कारवाई करने जिपं को पत्र लिखा हे।


गौरतलब है कि एसडीएम कोर्ट में मनराखन पिता सरवन पटेल व अन्य 4 द्वारा सरपंच अनुपम दास के खिलाफ शिकायत कर बताया कि सरपंच द्वारा पंचायत राज अधिनियम का पूर्ण उल्लंघन कर मनमानी ढंग से रोहित पिता बंशी को सरकारी जमीन आबंटित किया गया है जिसके बाद प्रकरण दर्ज कर कारवाई शुरू की गई। जांच में पता चला कि सरपंच द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर ग्राम स्थित शासकीय भूमि छोटे झाड़ के जंगल व घास मद खन 21 का आबंटन रोहित पिता बंशी पटेल को किया गया है उक्त भू-आबंटन विधि विरूद्ध है। चूंकि सचिव द्वारा पीएम आवास को लेकर शासकीय भूमि आबंटन का प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया गया है और आवास के लिए राशि स्वीकृत कराया गया। जांच बाद उक्त गैर विधिक कार्य को लेकर सरपंच के साथ सचिव भी समान रूप से दोषी पाते हुए सरपंच को धारा 40 का नोटिस जारी किया गया वही सचिव के कृत्य को पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही व स्वेच्छाचारिता का द्योतक मानते हुए जिपं को अधिकार क्षेत्र के बाहर, नियम विरुद्ध कार्य करने के कारण अनुशासनात्मक कारवाई के लिए प्रतिवेदन भेजा गया है।

# हिंदी की परीक्षा जिले में कुल 88 परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कक्षा 12वीं विषय हिन्दी की परीक्षा 10 अप्रैल को जिले में कुल 88 परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण संपन्न हुई। उक्त परीक्षा में दर्ज संख्या 8880 एवं उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 8806 एवं अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 74 रही।

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा नियुक्त केन्द्राध्यक्षों के साथ राजस्व के अधिकारियों द्वारा सुबह 07.15 बजे सभी थाना से प्रश्नपत्र संबंधित परीक्षा केन्द्रों में पुलिस की अभिरक्षा के साथ पहुचांया गया। जिले के नोडल अधिकारी विश्वास कुमार, डिप्टी कलेक्टर द्वारा थाना से प्रश्नपत्र निकालने हेतु राजस्व के अधिकारियों को प्रत्येक थाना के लिए नियुक्त किया था। सभी राजस्व अधिकारियों द्वारा मिलान कर प्रश्नपत्र निकाला गया।



### टीम ने किया निरीक्षण

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल एवं दल द्वारा शा.उ.मा. शाला स्टेशन मुढ़ीपार, टेडेसरा, घुमका, सुकुलदैहान एवं ठा. प्यारेलाल स्कूल राजनांदगांव का निरीक्षण किया गया। जिले के नोडल अधिकारी विश्वास कुमार डिप्टी कलेक्टर द्वारा टेडेसरा, सोमनी, सुकुलदैहान, सर्वेश्वरदास सेजेस शाला एवं धनगांव का निरीक्षण किया गया। सतीश ब्योहरे डीएमसी एवं टीम द्वारा शा.उ.मा.शाला धौराभांठा, सेजेस डोंगरगांव, बालक डोंगरगांव, खुज्जी का निरीक्षण किया गया। जिले में नकल प्रकरण निरंक पाया गया।

### पिपरिया में बनेगा आधुनिक जिला पंचायत भवन

# सांसद ने किया जिला पंचायत भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

जिले में प्रशासनिक ढांचे को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में आज जिला कार्यालय परिसर, पिपरिया में प्रस्तावित नवीन जिला पंचायत भवन के निर्माण को लेकर सांसद संतोष पांडेय ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया।

सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि यह भवन न केवल प्रशासनिक कार्यों को गति देगा बल्कि आम नागरिकों के लिए सुविधाओं को और अधिक सुगम बनाएगा। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों के एक ही परिसर में संचालित होने से लोगों को बार-बार अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।



शासन की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत कर विकास को गति देना है। उन्होंने कहा कि जिपं भवन के निर्माण से योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी उन्होंने निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराने अधिकारियो को निर्देशित किया। जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार ने भवन के भूमिपूजन को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए नवीन भवन के निर्माण को लेकर शुभकामना दी।

### भवन की संरचना की दी जानकारी

जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल ने भवन की प्रस्तावित संरचना की जानकारी साझा करते हुए बताया कि यह भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा, जहां विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सकेगा। इससे ग्रामीण विकास योजनाओं के संचालन में तेजी आएगी और आमजनों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम में जिपं सदस्य एवं विभिन्न समितियों के सभापति भुनेश्वरी देवांगन, ललित चोपड़ा, अरुणा सिंह बनाफर, हेमलता मंडावी, जमुना कुर्रे, दिनेश वर्मा, निर्मला वर्मा, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष डॉ. राजेश्री त्रिपाठी, छुईखदान जनपद अध्यक्ष पुष्पा वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष लखनलाल साहू, राजू जंघेल, सांसद प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, पूर्व जिपं सभापति घम्मन साहू, डॉ. बिशेसर साहू, जिला रेडक्रॉस सोसायटी उपाध्यक्ष भागवत शरण सिंह, जीवन देवांगन, नरेश कुर्रे, निजाम मंडावी, विजय वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# सुरक्षा के लिए मिसाइल आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुनी

नवीन शासकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन में रसायनशास्त्र विभाग ने देश की सुरक्षा एवं मिसाइल तकनीक से जुड़े वैज्ञानिकों को समर्पित अग्नि दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया।

जानकारी देने के लिए भाषण का आयोजन किया गया जिसमें पूजा धनकर, भावना निषाद, गनेश्वरी, गीतांजलि एवं मुराली साहू ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रतिभागियों ने बताया कि अग्नि दिवस भारतरत्न से सम्मानित पूर्व राष्ट्रपति डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम के नेतृत्व में मिसाइलों के सफल परीक्षण के उपलक्ष्य में मनाया जाता है साथ ही प्रतिभागियों ने उनके जीवन परिचय, उपलब्धियों और देश की सुरक्षा के लिए मिसाइलों के महत्व की जानकारी दी। प्राचार्य ने अग्नि दिवस का इतिहास एवं महत्व की विस्तार से जानकारी दी। डॉ कलाम के सरल स्वभाव , ईमानदारी, मेहनत, दृढ़ निश्चय से प्रेरणा लेकर अपने सपनों को साकार करने प्रेरित किया। कार्यक्रम का संयोजन कंचन साहू ने किया। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता डॉ. संजू सिंह, डॉ. काव्या जैन, डॉ हेमलता विरदी, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, शुभि जैन, हिमानी साहू, संध्या कुमारी, चंद्रकांत कुंभकार, खेलन साहू, ओमप्रकाश सहारे, मनोज प्रधान आदि उपस्थित थे।



## सार समाचार

### प्रतिनिधि मंडल ने रमन से की मुलाकात



**राजनांदगांव।** श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन के नेतृत्व में समिति के एक प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से रायपुर उनके कार्यालय में सौजन्य भेंट कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। इस दौरान समिति के अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन, विजय हरिहारनों, कचरू प्रसाद शर्मा व हरजीत सिंह भाटिया द्वारा अपने 23 वर्षों के ऐतिहासिक कार्यकाल में डॉ. रमन सिंह द्वारा राजनांदगांव जिला एवं छत्तीसगढ़ राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### विशाल निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित



**राजनांदगांव।** साइट सेवर्स इंडिया एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विशाल निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भर्रेगांव में आयोजित किया गया। इस शिविर में ग्राम पंचायत भर्रेगांव के साथ-साथ आसपास के गांव जैसे मोखला, पारीखुर्द, कुसमी से कुल 206 लोगों ने नेत्र जांच एवं जनरल हेल्थ चेकअप (बीपी और शुगर जांच) कराए। जिसमें से 86 लोगों को पॉवर वाले चश्मा वितरण किया गया। साथ ही 67 लोगों में मोतियाबिंद चिन्हांकित किया गया, जिसे आने वाले गुरुवार को मितानिन दीदियों के माध्यम से मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल राजनांदगांव में सर्जरी के लिए भेजा जाएगा।
शिविर का जायजा लेने स्वास्थ्य विभाग से राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि ग्वालरे, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) एनके टंडन एवं साइटसेवर्स इंडिया से सीईओ आरएन मोहंती, बोर्ड मेंबर्स जतिन तिवारी, पूजा सोनी आदि ने शिविर का पूरे प्रक्रिया से अवगत हुए। साथ ही लाभार्थी से बातचीत करते कुछ लाभार्थी को विजिटर ने अपने हाथ से पॉवर वाले चश्मा प्रदान किए। साथ ही लाभार्थीगण ने इस तरह के निःशुल्क शिविर को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वरदान बताया। शिविर को सफल बनाने एमओ नेत्र सहायक अधिकारियों, आरएचओ, सीएचओ, बीसीएमटी, सरपंच, पंच, पंचायत सचिव एवं जिला साइटसेवर्स इंडिया टीम ने मुख्य भूमिका निभाई।

### विश्व नवकार दिवस में युगांतर ने लिया हिस्सा



**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विश्व नवकार दिवस पर विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर के मार्गदर्शन में नवकार मंत्र का पाठ कर विश्व शांति का संदेश दिया। सकल जैन श्री संघ के सचिव, विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी तथा सकल जैन श्री संघ के अध्यक्ष, विद्यालय के सेक्रेटरी विनय डड्ढा ने विश्व नवकार मंत्र दिवस की बधाई देते कहा कि विश्व में शांति और मानवता स्थापित करने के लिए नवकार मंत्र अहम भूमिका निभा रहा है। अहिंसा अहम परमो धर्मो के सिद्धांत और जीओ और जीने दो की नीति की विश्व को बहुत आवश्यकता है। इस मंत्र से इस सिद्धांत के स्थापना में बहुत मदद मिल रही है। उन्होंने इस बात के लिए हर्ष प्रकट किया है।

### शैक्षिक मनोविज्ञान विषय पर व्याख्यान



**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस कॉलेज राजनांदगांव के शिक्षा विभाग द्वारा "शैक्षिक मनोविज्ञान" विषय पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. बसंत कुमार सोनबेर रहे। डॉ. सोनबेर ने विद्यार्थियों के व्यवहार, अधिगम प्रक्रिया एवं प्रभावी शिक्षण विधियों में शैक्षिक मनोविज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों के माध्यम से शिक्षक एक सकारात्मक एवं प्रभावी शिक्षण वातावरण का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो शिक्षक शिक्षार्थियों के मनोविज्ञान को समझता है, वह शिक्षा को सार्थक और रोचक बना सकता है। शिक्षण केवल विषयवस्तु का प्रसारण नहीं, बल्कि मन को समझने की प्रक्रिया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों की सक्रिय सहभागिता रही। यह व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने कहा इस प्रकार के शैक्षणिक व्याख्यान विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं व्यावसायिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशेषज्ञों के अनुभव से सिद्धांत और व्यवहार के बीच की दूरी कम होती है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रीति इंदोरकर एवं प्रो. विजय मानिकपुरी भी उपस्थित रहे। अंत में महाविद्यालय परिवार द्वारा डॉ. बसंत सोनबर को प्रतीक चिन्ह एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

### 14 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है।

### परिवहन विभाग द्वारा स्कूल वाहनों की विशेष जांच कर की गई कार्रवाई

# बगैर फिटनेस और फायर सेफ्टी के स्कूल बसों का संचालन, 5 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



परिवहन विभाग द्वारा बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते स्कूल वाहनों की विशेष जांच एवं प्रवर्तन की कार्रवाई की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजनांदगांव आनंद शर्मा ने बताया कि जांच एवं प्रवर्तन के दौरान स्कूल बसों एवं अन्य वाहनों में फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, फायर सेफ्टी उपकरण सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं एवं दस्तावेजों की गहन जांच की। जांच के दौरान वाहनों में खामियां पाए जाने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की गई।

जांच के दौरान श्रीवेद पब्लिक स्कूल मोहारा की स्कूल बस सीजी-08-एजी-1365 एवं सीजी 08-एजी-1366 में वैध फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं कर (टैक्स) के दस्तावेज लंबित थे। संबंधित अनियमितताओं के कारण दोनों बसों को मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत जब्त कर पुलिस थाना मोहारा में सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षित खड़ा किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इससे पूर्व भी श्रीवेद पब्लिक स्कूल मोहारा की एक बस के विरूद्ध कार्रवाई की जा चुकी है, किंतु वाहन संचालकों द्वारा आवश्यक दस्तावेजों के नवीनीकरण के प्रति अपेक्षित तत्परता नहीं दिखाई गई।

#### डीपीएस स्कूल के तीन वाहनों पर कार्रवाई

इसी तरह दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के स्कूल बस सीजी-08-एम-0237, मैजिक सीजी-08-एएक्स-1835, मैजिक सीजी-08-वाय-1432 जांच के दौरान निर्धारित फिटनेस, बीमा एवं अन्य निर्धारित मानकों की शर्तों में कमी पाई गई। इन वाहनों के विरूद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई करते जब्त कर कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय अधिकारी राजनांदगांव में सुरक्षार्थ सुरक्षित खड़ा किया गया है। संबंधित वाहन संचालकों को शीघ्र आवश्यक दस्तावेजों का नवीनीकरण कर नियमानुसार वाहन का संचालन करने के निर्देश दिए गए।

#### लगातार होगी जांच पड़ताल

परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहनों की सुरक्षा एवं वैधता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा भविष्य में भी इस प्रकार की सघन जांच एवं कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। कार्रवाई में निरीक्षक प्रशांत शर्मा, उपनिरीक्षक अनीश बघेल तथा उपनिरीक्षक प्रभा तिवारी शामिल थे।

## रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी में क्रिकेट का आयोजन

- 50 से अधिक खिलाड़ी ले रहे भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के वार्ड क्रमांक 45 स्थित रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी फेस-1 में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में कॉलोनी के करीबन 50 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

खास बात यह है कि इनमें छोटी उम्र के बच्चों से लेकर अधेड़ उम्र तक के कॉलोनीवासी भाग ले रहे हैं। खेल को रोचक बनाने के लिए प्रतियोगिता में छक्का मारना प्रतिबंधित रखा गया है। वहीं मुकाबले भी प्रो-सॉफ्ट बॉल से खेले जा रहे हैं।

कुल छह टीमों के भी अगले चार दिनों के दौरान मैच खेले जाएंगे। इसके साथ ही कॉलोनी के नौनिहाल के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। दोनों ही प्रतियोगिताएं कॉलोनी के गार्डन में आयोजित हो रही है।

## कम्युनिटी पुलिसिंग, खेल सामग्री का किया वितरण



**राजनांदगांव।** कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत ग्राम कोठीटोला में बच्चों एवं युवाओं को खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

एसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं एएसपी कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में जिला राजनांदगांव पुलिस द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत ग्राम कोठीटोला में एक सराहनीय पहल की गई। पुलिस द्वारा निरंतर किए जा रहे जनहितकारी प्रयासों एवं कम्युनिटी पुलिसिंग गतिविधियों के माध्यम से आमजन में विश्वास एवं सुरक्षा का वातावरण सुदृढ़ हो रहा है। इस पहल के अंतर्गत गांव के बच्चों एवं युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बैट, बॉल एवं अन्य खेल सामग्री का वितरण किया गया।

#### ग्रामीणों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में ग्राम कोठीटोला के सरपंच रामलाल ताड़ेकर, सचिव मायाराम, ग्राम पटेल गैदूराम पुजारी, पंच श्रीमती चंद्रावती घावड़े, ईश्वर पुजारी तथा अन्य ग्रामीण पप्पू मांडवी एवं बीरेंद्र यादव की उपस्थिति रही। इस दौरान कार्यक्रम में 40 से अधिक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस दौरान कैंप कोठीटोला से प्रधान आरक्षक भूपेंद्र कुमार ठाकुर, तोरण पटेल, राकेश कुमार वर्मा एवं आरक्षकों द्वारा सक्रिय सहभागिता निभाई गई।

### सेन जयंती रूपरेखा तय करने बैठक आज

**राजनांदगांव।** 726वीं सेन जयंती के लिए कल शनिवार को योगा हॉल चौपाटी में अंतिम बैठक आयोजित की गई है। जिला सेन समाज राजनांदगांव के तत्वधान में इस वर्ष भी सेन जयंती जिला स्तरीय रूप से दो दिवसीय मनाया जाएगा। जिसमें बाइक रैली सहित मुख्य कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाना है। जिला स्तरीय संत महोत्सव संत शिरोमणि सेन महाराज की 726वीं जयंती की अंतिम तैयारियों के लिए कल 11 अप्रैल को शाम 4 बजे से कार्यक्रम स्थल योगा हॉल आडिटोरियम पुष्प वाटिका चौपाटी में जिलेभर और शहर के कार्यकारणी पदाधिकारी व सदस्यों के साथ अंतिम बैठक रखा गया है।

जिला सचिव लोकेश सेन ने कार्यक्रम को अंतिम रूपरेखा देने जिला/ ब्लॉक/ सर्किल और सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों सदस्यों, मातृशक्ति प्रकोष्ठ, सेलून संघ प्रकोष्ठ आदि सभी को चंदों की रशीद बुक साथ में ले कर बैठक में आने की अपील की। जिला मीडिया संयोजक इन्द्रद्वीप हीरा सेन ने बताया कि प्रथम दिवस सैकड़ों की संख्या में बाइक रैली के माध्यम से सेन जयंती और हिंदू नववर्ष की बधाई नगरवासी को देते शुभकामनाएं प्रेषित करेंगे और सेन सामाजिक बंधुओं को इस भव्य कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार कर आमंत्रित करेंगे। जिला महामंत्री अनूप श्रीवास ने कहा कि यह बैठक में आवश्यक बिंदुओं और विविध कार्यक्रम रक्तदान शिविर जैसे विषयों पर रूपरेखा बनाकर जिला स्तरीय कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करना है। सभी व्यवस्थाओं को सुनियोजित कर सेन जयंती आयोजन समिति के सदस्यों को दायित्व निर्वाह हेतु नियुक्ति किया जाएगा।

## बीमारी मामूली पर सिस्टम की बेरूखी ने बनाया कंकाल

### मृत्यु शैय्या पर बेबस आदिवासी पिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानपुर



एक तरफ सरकार वनांचल के विकास और आदिवासी कल्याण के बड़े-बड़े दावे कर रही है। वहीं दूसरी ओर जिले के मानपुर क्षेत्र के घने जंगलों से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जो सत्ता और प्रशासन की संवेदनहीनता को उजागर करती है। पिछले 8 महीनों से एक आदिवासी युवक अपनी खाट पर पड़े-पड़े तिल-तिल कर मरने को मजबूर है, लेकिन न तो जिला प्रशासन की टीम वहां पहुंची और न ही स्वास्थ्य विभाग के किसी अमले ने सुध ली।

पीड़ित युवक जो तीन मासूम बच्चों का पिता है, केवल ब्लड प्रेशर और शुगर जैसी सामान्य बीमारियों से ग्रसित है। उचित इलाज और दवाओं के अभाव में उसकी हालत इस कदर बिगड़ चुकी है कि वह अब हड्डियों के ढांचे में तब्दील हो गया है। युवक की पत्नी भी मुश्किल समय में उसका साथ छोड़कर जा चुकी है। युवक के पास अब इतने पैसे और ताकत नहीं बची है कि वह खुद अस्पताल पहुंच सके या न्याय के लिए गुहार लगा सके।

#### स्वास्थ्य अमले ने नहीं ली सुध

पिछले आठ माह से पीड़ित आदिवासी की सुध लेने में स्वास्थ्य अमले ने कोई रूचि नहीं दिखाई है। बताया जाता है कि परिजनों ने स्थानीय स्तर पर इलाज कराया, लेकिन कोई भी लाभ नहीं हुआ। गांव-गांव में स्वास्थ्य अमला तैनात होने का दावा करने वाले स्वास्थ्य विभाग ने भी इस आदिवासी की कोई सुध नहीं ली।

#### कागजों में दौड़ रहा है विकास

क्षेत्र के ग्रामीणों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग केवल फाइलों में आंकड़े भरकर अपनी पीठ थपथपा रहा है। आदिवासी क्षेत्रों में न तो समय पर स्वास्थ्य कैंप लग रहे हैं और न ही स्क्रीनिंग की जा रही है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि चुनाव खत्म होते ही जनता की सुध लेने वाले जनप्रतिनिधि आखिर कहां गायब हो जाते हैं?

## खेल मैदान में मेला, खिलाड़ियों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के स्टेट स्कूल मैदान में आयोजित होने वाले राजनांदगांव मड़ई के आयोजन का यहां के खिलाड़ियों ने विरोध किया है। इस संबंध में एसडीएम को ज्ञापन देकर खिलाड़ियों ने स्टेट स्कूल मैदान खेल गतिविधियों के लिए रखने और अन्य आयोजनों के लिए नहीं देने मांग की है।

शहर में खिलाड़ियों के लिए स्टेट स्कूल मैदान ही एकमात्र मुख्य मैदान बच गया है, जहां पर फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल, हॉकी सहित विभिन्न खेल की प्रैक्टिस खिलाड़ियों द्वारा की जाती है। ऐसे में इस मैदान को भी दूसरे आयोजनों के लिए देने से खिलाड़ियों को मैदान नहीं मिल पाता है। जिसके चलते अब खिलाड़ियों ने इस मैदान को खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित रखने मांग की है। एसडीएम को ज्ञापन सौंपने पहुंचे फुटबॉल एसोसिएशन के मदन यादव और शशांक सोनी ने कहा कि स्टेट स्कूल मैदान में भिलाई की एक प्राइवेट संस्था द्वारा राजनांदगांव मड़ई के नाम से आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसके चलते इस मैदान के खिलाड़ियों को खेलने जगह नहीं मिलेगी। उन्होंने मांग करते कहा है कि इस आयोजन को कहीं और शिफ्ट किया जाए और यह मैदान खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित रहने दिया जाए।

#### खिलाड़ियों में आक्रोश

आयोजनों के लिए खेल मैदान दिए जाने से आक्रोशित खिलाड़ियों ने कहा कि खेल मैदानों का इस प्रकार बार-बार व्यावसायिक या गैर-खेल गतिविधियों के लिए उपयोग किया जाना खिलाडियों के हितों के साथ अन्याय है। इससे जिले की खेल प्रतिभाएं प्रभावित हो रही है और उनका भविष्य भी खतरे में पड़ रहा है।

#### नियमित अभ्यास होता है प्रभावित

खिलाड़ियों ने अपने ज्ञापन में कहा है कि स्टेट स्कूल ग्राउंड में प्रतिदिन सैकड़ों खिलाड़ी विभिन्न खेलों का नियमित अभ्यास करते हैं। यह मैदान जिले के उभरते खिलाड़ियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, किन्तु यह अत्यंत चिंताजनक विषय है कि उक्त मैदान में बार-बार विभिन्न प्रकार के मेले, मंडई एवं अन्य आयोजनों के लिए दिया जा रहा है। जिससे खिलाड़ियों का नियमित अभ्यास लगातार बाधित हो रहा है। वहीं आयोजनों के लिए पंडाल लगने से मैदान की गुणवत्ता खराब हो रही

## स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के सहयोग से जनकल्याण सामाजिक संस्थान राजनांदगांव द्वारा संचालित लिंक वर्कर स्कीम परियोजना अंतर्गत जिले के 10 से अधिक ग्रामों में व्यापक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया।

संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष इस दिवस की एक विशेष थीम निर्धारित की जाती है। जैसे "सबके लिए स्वास्थ्य", जिसके अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण समुदाय को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई।

जिला स्रोत समन्वयक जितेंद्र कुमार जंघेल ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लयूएचओ) की स्थापना वर्ष 1948 की स्मृति में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, बीमारियों की रोकथाम के उपायों की जानकारी देना तथा स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। अच्छा स्वास्थ्य न केवल कार्यक्षमता बढ़ाता है, बल्कि मानसिक तनाव को कम कर जीवन को अधिक सुखद और संतुलित बनाता है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

## पेंड्री में निर्मित बहुमंजिला आवासों का निरीक्षण



**राजनांदगांव।** बे-घर, बे-सहारा आवासहीन गरीब परिवारों तथा झुग्गी झोपडी क्षेत्र में निवासरत परिवारों का स्वयं के सर्वसुविधायुक्त अच्छे वातवारण में पक्के आवास का सपना साकार करने शासन की महती योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निगम सीमा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर बहुमंजिला आवास का निर्माण किया गया है, जहां पात्र हितग्राहियों को नगर निगम द्वारा नियमानुसार आबंटित किया जा रहा है। उन्हीं आवासों में से पेंड्री में निर्मित आवासों का निरीक्षण करने अपर कलेक्टर सीएल मारकंडे एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने आवास संबंधी अधिकारियों के साथ संयुक्त दौरा किया।

अपर कलेक्टर श्री मारकंडे ने प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों को देख उसके निर्माण के संबंध में चर्चा कर निर्माण एवं गुणवत्ता की प्रशंसा करते आवासों में व्यवस्थापन अंतर्गत शहर के चिन्हाकित झुग्गी क्षेत्र में निवासरत परिवारों को सर्व सुविधायुक्त आवास उपलब्ध कराने तथा उनके जीवन स्तर को सुधारने के प्रयास के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि अच्छे वातावरण में रहने से जीवन स्तर में बदलाव आते हैं और उनके परिवार का भविष्य संवरता है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने नवनिर्मित बहुमंजिला आवासों में किस प्रकार की सुविधा और कैसे उपलब्ध कराई जाएगी, उसकी जानकारी देते क्रमागत बिजली, पानी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि निर्मित एवं निर्माणाधीन आवास में व्यवस्थापन अंतर्गत एवं किरायेदार के रूप में निवासरत जरूरतमंद गरीब परिवारों को अलग-अलग घटक के तहत विधिवत प्रक्रिया कर पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार आवास आबंटित किया जाता है।

स्वयं के पक्का आवास का सपना साकार करने अपर कलेक्टर श्री मारकंडे एवं आयुक्त श्री विश्वकर्मा निगम की टीम के साथ गौरवपथ के निकट नार कन्हैया नाला के किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर झुग्गी झोपडी में निवासरत परिवारों से आवास लेने प्रेरित करने व्यक्तिगत चर्चा कर उन्हें आवास के बारे में जानकारी दी गई।






## खबर संक्षेप

### श्रीमद्भागवत कथा सुनने से पापों का नाश होता है: प्रशांत शर्मा



**कवर्धा।** कोलेगांव। ग्राम कान्हाभैरा में यादव परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 9 से 15 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है। जिसमें 9 अप्रैल को भव्य नगर भ्रमण कर महिलाओं द्वारा कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया, जिसमें महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा के साथ मंगल कलश धारण कर यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा भ्रमण करते हुए श्री नागेश्वर महादेव दर्शन कर कार्यक्रम स्थल तक पहुंची, जहां कथा व्यास प्रशांत महराज ने भागवत कथा की महिमा पर प्रकाश डाला। कथा व्यास ने बताया कि यह भागवत कथा प्रेत-पीड़ा का नाश करने वाली श्रीमद् भागवत की कथा धन्य है तथा श्रीकृष्णचंद्र के धाम की प्राप्ति कराने वाली है, इसका सप्ताह पारायण भी धन्य है, जब सप्ताह श्रवण करने का योग लगता है तब सब पाप थर्रा उठते हैं कि अब यह भागवत की कथा जल्दी ही हमारा अंत कर देगी जिस प्रकार आग गीली-सुखी छोटी बड़ी सब तरह की लकड़ियों को जला डालती है। उसी प्रकार यह सप्ताह श्रवण मन वचन और कर्म द्वारा किए हुए नए पुराने छोटे-बड़े सभी प्रकार के पापों को भस्म कर देता है। कथा वाचक प्रशांत शर्मा ने बताया की भागवत कथा जीवन जीने की कला सीखने का मिलती है वही पाप कर्मो का नाश होता है, पारायणकर्ता पं सुखदेव शर्मा, आचार्य पं रवि शर्मा, बाल व्यास पं. जयदामोदर शर्मा वहीं भक्तजनों को कथा रसपान दोपहर 2:00 बजे से 6 बजे तक कथा श्रवणपान कर ग्रामवासी सहित क्षेत्रवासी धर्म लाभ उठा रहे है।

### बिना चुनाव भी गांव-गांव पहुंचती है भाजपा: नितेश अग्रवाल



**हरिभूमि कवर्धा।** भाजपा के राष्ट्रव्यापी गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के तहत जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल ने कवर्धा विधानसभा के वनांचल ग्राम मिनमिनिया जंगल और जरहा-नवागांव में पहुंचकर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया, देवालय स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाया और जन-चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद किया। कार्यक्रम में श्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा बिना चुनाव के भी गांव-गांव पहुंचकर जनता के सुख-दुख में सहभागी बनती है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभार्थियों से संवाद किया और समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों से चर्चा का आश्वासन दिया। इस दौरान नितेश अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही हिडमत बाई के घर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पहले कच्चे मकान में रहने से बरसात में परेशानी होती थी, लेकिन अब पक्का मकान मिलने से जीवन में सुविधा आई है। इस अभियान के दौरान वर्षो से पार्टी से जुड़े कार्यकर्ताओं संतोष नेताम, पूनाराम साहू, भागवत साहू, रतन साहू और कुंती बाई का अंगवस्त्र भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित थें।

### मुख्यमंत्री समग्र मद से 10 लाख स्वीकृत हरिनछपरा में पुल-पुलिया निर्माण तेज



**हरिभूमि बरबसपुर।** जनपद पंचायत बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिनछपरा में मुख्यमंत्री समग्र मद से पुल-पुलिया निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। वहीं राशि स्वीकृति मिलते ही ग्राम पंचायत को कार्य एजेंसी बनाकर निर्माण कार्य तेज गति से शुरू कर दिया गया। ग्रामवासियों से मिली अनुसार के अनुसार बरसात के दिनों में नाले में बाढ़ आने, स्कूली छात्र छात्राओं को स्कूल आने जाने में सुविधा मिलेगी। बताया जाता है कि पुल-पुलिया निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद ग्रामीणों और विद्यार्थियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी, खासकर बारिश के समय राहत मिलेगी। वहीं निर्माण कार्य में सरपंच श्रीमती रेखाबाई धुर्वे, सचिव रोहित कोसले और जनपद सदस्य प्रतिनिधि भागवत बंजारे द्वारा निर्माण कार्य की देखरेख में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

# उपार्जन केंद्रों में तेज हुई दलहन-तिलहन खरीदी, कलेक्टर सख्त

- हरिभूमि में अव्यवस्था उजागर होते ही प्रशासन अलर्ट, व्यवस्थाएं दुरुस्त करने दिए सख्त निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

**खबर का असर**

जिले में अधिसूचित फसलों की खरीदी में अव्यवस्था और किसानों की परेशानी को लेकर प्रकाशित खबर के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने तत्काल समीक्षा बैठक लेकर पीएम आशा योजना के तहत खरीदी व्यवस्था को सुचारू करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि खरीदी केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित रहें, ताकि किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने दलहन-तिलहन फसलों की खरीदी, पंजीयन, भंडारण, हमाली और परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया। जिस पर उप संचालक कृषि अमित मोहंती ने बताया कि जिले की 63 सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से खरीदी की जा रही है। अब तक करीब 400 क्विंटल फसलों की खरीदी हो चुकी है और प्रक्रिया लगातार जारी है।






उपार्जन केन्द्रों में अधिसूचित फसलों की नहीं हो रही सुचारू रूप से खरीदी

### किसानों से समर्थन मूल्य पर उपज बेचने की अपील

प्रशासन ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी उपार्जन केंद्रों में समय पर पंजीयन कराकर अपनी दलहन एवं तिलहन फसलों का विक्रय समर्थन मूल्य पर करें। इससे किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिल सकेगा और बिचौलियों से बचाव भी होगा। अधिकारियों ने बताया कि शासन द्वारा तय समर्थन मूल्य पर खरीदी होने से किसानों की आय में वृद्धि होगी और उन्हें पारदर्शी व सुरक्षित भुगतान की सुविधा मिलेगी।

### खबर में उठी थी अव्यवस्था की बात

गौरतलब है कि हाल ही में कई उपार्जन केंद्रों में खरीदी सुचारू नहीं होने और किसानों को हो रही परेशानी की खबर सामने आई थी, जिसके बाद प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लेते हुए व्यवस्था सुधार की कार्रवाई शुरू की है।

## चावल उत्सव के बाद भी हितग्राहियों को नहीं मिला एकमुश्त राशन

# तीन माह के चावल का वादा अधूरा गांवों में सिर्फ अप्रैल का ही वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अप्रैल, मई और जून माह का चांवल एक साथ वितरण करने की घोषणा के बावजूद कोलेगांव क्षेत्र की कई उचित मूल्य दुकानों में केवल एक माह का चांवल ही दिया जा रहा है। इससे ग्रामीणों और हितग्राहियों में असंतोष का माहौल है। जानकारी के अनुसार ग्राम कोलेगांव, कंझेटा, भगतपुर, भटरूसे, अमलीमालगी, कुंडा और दामापुर सहित आसपास के गांवों की सोसायटियों में सिर्फ अप्रैल माह का चांवल वितरित किया जा रहा है। जबकि शासन द्वारा पहले से तीन माह का चांवल एकमुश्त देने का व्यापक प्रचार किया गया था और 7 अप्रैल को चांवल उत्सव भी मनाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि उत्सव के दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने तीन माह का चांवल एक साथ मिलने की बात कही थी, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति इसके विपरीत है। कई हितग्राही बार-बार सोसायटी का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। स्थानीय सोसायटी प्रबंधन का कहना है कि उन्हें शासन से फिलहाल एक माह के वितरण के लायक ही चांवल मिला है सभी को सामान्य मिले करके एक माह का दे रहे है यदि किसी हितग्राही को तीन माह का एक साथ चांवल दे देंगे तो बाकी को एक माह का भी नही मिल पाएगा करके प्राप्त आबाँटन के हिसाब से अभी एक माह का वितरण कर रहे है। शेष चांवल आने के बाद आगे वितरण किया जाएगा।




### प्रचार और हकीकत में अंतर से उठे सवाल

तीन माह के चांवल वितरण को लेकर पहले से किए गए प्रचार और वास्तविक वितरण में अंतर होने से शासन की व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि एकमुश्त वितरण संभव नहीं था, तो पहले स्पष्ट जानकारी दी जानी चाहिए थी।

### उपलब्धता के आधार पर चावल वितरण किया जा रहा

जिला खाद्य अधिकारी चंद्रशेखर देवांगन ने बताया कि भंडारण और परिवहन में गाड़ियों व हमालों की समस्या के कारण एक साथ वितरण नहीं हो सका है। वर्तमान में उपलब्धता के आधार पर चावल का आबंटन किया जा रहा है और सभी हितग्राहियों को प्राथमिकता से राशन उपलब्ध कराया जाएगा।

# प्रेम संबंध बना हत्या की वजह, दोहरे हत्याकांड के अरोपी को उम्रकैद

- कबीरधाम कोर्ट का फैसला, सबूत मिटाने पर 7 साल की अतिरिक्त सजा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के चर्चित दोहरे हत्याकांड मामले में अपर सत्र न्यायालय कबीरधाम ने अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी अश्वनी पांडेय को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने पार्वती वैष्णव और वसुंधरा वैष्णव की हत्या के मामले में दो-दो बार आजीवन कारावास तथा साक्ष्य मिटाने के अपराध में 7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। मामले के अनुसार आरोपी अश्वनी पांडेय वसुंधरा वैष्णव के साथ लिव-इन रिलेशन में रह रहा था। घटना के दौरान दोनों महिलाओं की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। घटना स्थल से मिले साक्ष्यों में कमरे में बिखरा सामान, टूटा हुआ आलमारी का कांच, शवों की स्थिति और अन्य परिस्थितियां हत्या की ओर संकेत कर रही थीं। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने रायपुर रेलवे स्टेशन क्षेत्र से स्कूटी सहित गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में विभिन्न साक्ष्य, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और गवाहों के आधार पर अपराध सिद्ध हुआ। न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि अपराध गंभीर और जघन्य है, लेकिन यह विरलतम में विरल श्रेणी में नहीं आता, इसलिए मृत्युदंड के बजाय आजीवन कारावास उपयुक्त है। अदालत ने आरोपी पर कुल 21 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी और जुर्माना नहीं भरने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। साथ ही, न्यायिक अभिरक्षा में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनाया, जिससे जिले में इस चर्चित मामले का न्यायिक निष्कर्ष सामने आया।

### केपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में चैंपियन इलेवन ने 8 विकेट से जीता फाइनल



**हरिभूमि कोलेगांव।** कोलेगांव में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी केपीएल कोलेगांव प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हाई स्कूल मैदान में किया गया। इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा, जिसमें केपीएल चैंपियन इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 विकेट से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलेगांव ब्लास्टर इलेवन ने 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 69 रन बनाए। जवाब में केपीएल चैंपियन इलेवन ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विनायक शर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नरेश साहू सांसद प्रतिनिधि, ग्राम सरपंच, जिला विकास समन्वय एवं निगरानी दिशा समिति सदस्य एवं जिला महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा कबीरधाम उपस्थित थें। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत कोलेगांव के सरपंच सुरेश ध्रुर्वे ने की। विशिष्ट अतिथियों में बलराम साहू, सुदर्शन साहू, डॉ भागवत साहू, धर्मेन्द्र साहू, हेमंत सिंह चौहान, श्रीमती उत्तरा धुर्वे सरपंच, सेमरकोना, मोहन साहू, डॉ संतोष साहू, दिनेश पाण्डेय, कुलेश्वर साहू, अतुल राज, रामायण यदु, संतोष यदु सहित गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित थें। मुख्य अतिथि नरेश साहू ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल आपसी भाईचारे का प्रतीक है और इसे हंसी-खुशी एवं खेल भावना के साथ खेलना चाहिए।

# 1.97 करोड़ के पुल से जुड़ेंगे गांव भावना बोहरा ने किया भूमिपूजन

- मलकछरा-गुढ़ा मार्ग पर 45 मीटर वृहद पुल, बरसात में मिलेगी बड़ी राहत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोड़ान




पंडरिया विधानसभा में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक भावना बोहरा ने मलकछरा से गुढ़ा के मध्य 45 मीटर वृहद पुल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। करीब 1 करोड़ 97 लाख 45 हजार रुपए की लागत से बनने वाला यह पुल क्षेत्र के कई गांवों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। विधायक बोहरा ने कहा कि बरसात के दौरान आवागमन की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को इस पुल से बड़ी राहत मिलेगी।

यह पुल शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और आपातकालीन सेवाओं तक पहुंच को भी आसान बनाएगा। उन्होंने इसे क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग बताते हुए कहा कि सरकार इसे प्राथमिकता के साथ पूरा कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में क्षेत्र में सड़क, पुल, आवास और पेयजल सहित कई विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। यह पुल भी उसी कड़ी का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा देगा।इस दौरान विधायक ने ग्राम दुल्लापुर में गांव चलो अभियान के तहत जनसंपर्क कर योजनाओं की जानकारी दी और हितग्राहियों से मुलाकात की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

### सांसद ने खारा में सांस्कृतिक मंच सह कक्ष निर्माण का किया लोकार्पण



**हरिभूमि कवर्धा।** क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने वनांचल ग्राम खारा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने सांसद निधि से निर्मित सांस्कृतिक मंच सह कक्ष निर्माण का लोकार्पण किया। सांसद संतोष पांडेय ने ग्राम खारा में आयोजित श्रीराम चरित मानस महायज्ञ में शामिल हुए। उन्होंने यज्ञ कुंड की परिक्रमा की और कथा श्रवण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि वनांचल क्षेत्र में इतना बड़ा धार्मिक आयोजन होना सराहनीय है। ऐसे धार्मिक आयोजन होने से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा श्री रामलला दर्शन व तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से लाखों श्रद्धालुओं को प्रमुख धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया जा रहा है। उन्होंने सफल व बड़े आयोजन के लिए आयोजन समिति व ग्रामीणों को बधाई दी। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान भाजपा के मंडल अध्यक्ष गजानंद यादव, जिला पंचायत सभापति राजकुमार मेरावी, पूर्व मंडल अध्यक्ष कपूरचंद ठाकरे, मंगलू राम पोर्ते, महामंत्री बारेलाल ध्रुर्वे, भरत पटेल, सुकलाल मेरावी, मनीराम यादव, छत्तर भगत, नरबद साहू, देवदास मानिकपुरी, सालिक राम पटले, सरपंच, पार्टी के मंडल के अन्य पदाधिकारीगण व कार्यकर्तागण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## सर्व समाज की भागीदारी, 108 देशों में एक साथ हुआ आयोजन

# विश्व नवकार दिवस पर पंडरिया में गूंजा महामंत्र विश्व शांति के लिए हुई सामूहिक आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया



विश्व नवकार दिवस के अवसर पर पंडरिया के नवकार भवन जैन मंदिर में सर्व समाज की उपस्थिति में नवकार महामंत्र जाप आराधना का आयोजन किया गया। इस दौरान विश्व शांति, अहिंसा और मानव कल्याण की कामना के साथ सामूहिक प्रार्थना की गई। यह आयोजन देश-विदेश के लगभग 108 देशों में एक साथ हुआ, जिसमें भारत के गृह मंत्री अमित शाह भी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नवकार महामंत्र का जाप विश्व में शांति स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। पंडरिया में आयोजित कार्यक्रम में जैन समाज सहित विभिन्न समाजों के लोगों ने दीप प्रज्जलन कर सहभागिता निभाई। आयोजन में सामाजिक एकता और सद्भाव का संदेश दिया गया। इस दौरान जैन समाज के वरिष्ठजन, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में त्रिशला मंडल की महिलाओं द्वारा प्रसादी वितरण किया गया। साथ ही जानकारी दी गई कि पंडरिया निवासी मुमुक्षु बहन काजल डाकलिया की भगवती दीक्षा 23 अप्रैल को माउंट आबू में आयोजित होगी, जिसके लिए 13-14 अप्रैल को पंडरिया में अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया है।

### स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला की छात्रा मनीषा का बजट क्वेस्ट के राष्ट्रीय चरण के लिए चयन



**हरिभूमि बोड़ला।** माय भारत कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित बजट क्वेस्ट के राष्ट्रीय चरण में महाविद्यालय की एनएसएस छात्रा मनीषा धुर्वे का चयन हुआ है। माय भारत कार्यक्रम अंतर्गत प्रतिभाशाली युवाओं की खोज अंतर्गत इनका चयन हुआ है। मनीषा 12 व 13 अप्रैल को नया रायपुर के भारतीय प्रबंधन संस्थान में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाएगी। दो दिवसीय आयोजन में यहां महिला आरक्षण विधेयक पर मॉक संसद, विचार-विमर्श सत्रों में भागीदारी तथा प्रधानमंत्री के साथ विशेष वर्चुअल संवाद करने का अवसर प्राप्त होगा। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए सीखने, नेतृत्व करने और अपनी आवाज को प्रभावी बनाने का उत्कृष्ट अवसर है। पूर्णतः आवासीय कार्यक्रम में यात्रा, आवास, भोजन तथा प्रतिभागी किट की व्यवस्था आयोजकों द्वारा की जाएगी, सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। यह महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है कि दूरस्थ अंचल की छात्रा नए विचारों का आदान-प्रदान करने, विभिन्न दृष्टिकोणों को समझने और देश के भविष्य निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए आई आई एम जाएगी। ज्ञात हो कि मनीषा का चयन चरणबद्ध ऑनलाइन प्रतियोगिता के पश्चात हुआ है। इनके चयन पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी उमेश कुमार पाठक, आरके पाठक, सनत कुमार देवांगन, राकेश गौतम, योगेश ध्रुव, समस्त स्टाफ तथा रासेयो स्वयंसेवकों ने प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई दी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## छात्रवृत्ति भुगतानः आधार सीडेड खाता अनिवार्य

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के समस्त शालाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों की राज्य छात्रवृत्ति का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाना है। शासन द्वारा लिए गए इस निर्णय के तहत विद्यार्थियों के बैंक खातों का आधार से सीडेड होना अनिवार्य किया गया है।। जिले में राज्य छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत अब तक 37 हजार 599 विद्यार्थियों का आधार सीडिंग कार्य पूर्ण किया जा चुका है। हालांकि, संस्थाओं से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनेक विद्यार्थियों के बैंक खातों में अभी भी आधार सीडिंग नहीं होने की स्थिति सामने आई है।

# गर्मी से पहले सूखने लगी हाफ नदी, 200 से अधिक गांवों पर मंडराया पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर से होकर बहने वाली हाफ नदी का जलस्तर लगातार गिरता जा रहा है और स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि आगामी एक सप्ताह में नदी का बहाव पूरी तरह थमने की आशंका जताई जा रही है। नदी के सूखने से आसपास के क्षेत्रों में गर्मी के दिनों में पेयजल संकट गहराने की संभावना बढ़ गई है। नगर से लगे बिशेषरा ग्राम के आगे नदी पूरी तरह सूख चुकी है, जबकि अन्य स्थानों पर केवल स्टॉप डेम के पास ही पानी जमा है। नदी के बहाव में आई इस रुकावट से किनारे बसे गांवों के लोगों की परेशानियां बढ़ने लगी हैं। क्षेत्र के अधिकांश गांव आज भी इस नदी पर निर्भर हैं। हाफ नदी का उद्गम मैकल पर्वत श्रृंखला से पंडरीपानी (वनांचल क्षेत्र) और बोड़ला ब्लॉक के दलदली क्षेत्र के मध्य होता है। लगभग 45 किलोमीटर लंबी यह नदी बेमेतरा जिले से होकर नांदघाट के पास शिवनाथ नदी में मिलती है। यह जिले की सबसे लंबी और प्रमुख नदी मानी जाती है।

### जलस्तर गिरने से हैंडपंप बंद



नदी के सूखने का सीधा असर आसपास के गांवों में पेयजल स्रोतों पर पड़ रहा है। नवागांव, धोबघट्टी, डोमसरा, पिपरखूंटी, खरहट्टा, दुल्लापुर, अखरा सहित कई गांवों में हैंडपंप का जलस्तर तेजी से नीचे चला गया है, जिससे अधिकांश हैंडपंप बंद हो चुके हैं। कुछ स्थानों पर ही सीमित पानी उपलब्ध है, जिससे किसी तरह निस्तारी की जा रही है।

### पहले सदावाहिनी थी हाफ नदी

स्थानीय लोगों के अनुसार, करीब 10-12 वर्ष पहले तक हाफ नदी सदावाहिनी हुआ करती थी और पूरे वर्ष इसमें पानी बहता रहता था। यहां तक कि वर्ष 2020 और 2021 में भी नदी नहीं सूखी थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से मार्च-अप्रैल में ही नदी सूखने लगी है। इससे स्पष्ट होता है कि अनियंत्रित दोहन और मानवीय हस्तक्षेप ने नदी की स्थिति को गंभीर बना दिया है।

### आम जनजीवन पर गहरा प्रभाव

हाफ नदी क्षेत्र के लिए जीवनदायिनी मानी जाती है। इस पर करीब 200 से अधिक गांवों की आबादी निर्भर है। नदी का उपयोग खेती, सब्जी उत्पादन, दैनिक जरूरतों के साथ-साथ ईंट निर्माण जैसे छोटे उद्योगों में भी किया जाता है। नदी के सूखने से इन सभी गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे लोगों की आजीविका संकट में पड़ सकती है।

### अंचल की हाफ नदी का संरक्षण की आवश्यकता

विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों का मानना है कि हाफ नदी को संरक्षित करने के लिए तत्काल ठोस कदम उठाने की जरूरत है। नदी में बढ़ते प्रदूषण, अव्यवस्थित जल दोहन और रेत उत्खनन इसके अस्तित्व के लिए खतरा बन चुके हैं। शासन-प्रशासन और आम जनता को मिलकर नदी संरक्षण के लिए ठोस रणनीति बनानी होगी, अन्यथा आने वाले समय में यह नदी पूरी तरह समाप्त होने की कगार पर पहुंच सकती है, जिसका खामियाजा पूरे क्षेत्र को भुगतना पड़ेगा।

**खबर का असरः** नेता प्रतिपक्ष महंत ने संभाला मोर्चा, विधानसभा में गूंजेगा मुद्दा

# जिले के छात्रावासों में शिक्षकों की नियुक्ति पर गरमाई राजनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित आदिम जाति कल्याण विभाग के छात्रावासों में शिक्षा विभाग के शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति संबंधी खबर के बाद जहां विभाग में हड़कंप है वहीं प्रदेश की सियासत गरमा गई है। इस संवेदनशील मुद्दे को नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने गंभीरता से लेते हुए इस व्यस्था के खिलाफ मोर्चा खोलने के संकेत दिए हैं। गत दिवस राजधानी रायपुर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अर्जुन तिवारी ने नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत से मुलाकात की थी। इस दौरान लगभग आधे घंटे तक चली गहन चर्चा में आदिम जाति कल्याण विभाग की अव्यवस्थाओं और छात्रावासों में शिक्षकों को अधीक्षक बनाए जाने के तकनीकी व प्रशासनिक पहलुओं पर विमर्श किया गया। चर्चा में यह बात उभरकर आई कि मूल विभाग (शिक्षा विभाग) के कार्यों को छोड़कर शिक्षक जिस तरह छात्रावासों में जमे हुए हैं, उससे शिक्षा और प्रबंधन दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

हरिभूमि फॉलोअप

### प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा विषय




कांग्रेस महासचिव अर्जुन तिवारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, डॉ. महंत इस गंभीर विषय को सबसे पहले मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे। उनका मानना है कि आदिम जाति कल्याण विभाग के नियमों की अनदेखी कर की जा रही इन नियुक्तियों से विभाग की मूल कार्यप्रणाली बाधित हो रही है। यदि सरकार इस पर अपेक्षित ध्यान नहीं देती है या व्यवस्था में उचित सुधार (रद्द करना या नियमों का पालन) नहीं होता है, तो कांग्रेस इसे आगामी विधानसभा सत्र में जोर-शोर से उठाएगी। नेता प्रतिपक्ष ने केवल नियुक्तियों तक ही अपनी आपत्ति सीमित नहीं रखी है, बल्कि उन्होंने विभाग के आश्रम और छात्रावासों में होने वाली आर्थिक अनियमितताओं पर भी कड़ा रुख अपनाया है। श्री महंत का मानना है कि आदिवासी बच्चों के कल्याण के नाम पर केंद्र और राज्य सरकार से मिलने वाली करोड़ो की राशि के खर्च में पूर्ण पारदर्शिता होनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष के अनुसार प्रदेश भर के छात्रावासों में हो रही हेरा-फेरी और वित्तीय गड़बड़ी को लेकर भी सवाल उठाने की दृष्टि से जानकारियां एकत्र की जा रही हैं।

### खबर प्रकाशन के बाद विभाग में मची खलबली

हरिभूमि की खबर और अब नेता प्रतिपक्ष के कड़े रुख के बाद आदिम जाति कल्याण विभाग के भीतर खलबली मच गई है। सूत्रों का कहना है कि विभाग अब उन शिक्षकों की सूची तैयार कर रहा है जो लंबे समय से छात्रावासों में अधीक्षक के पद पर कुंडली मारकर बैठे हैं। अब देखना होगा कि शासन इस मामले में छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र से पहले क्या कदम उठाता है।

# बांधा तालाब बचाव महाअभियान को लेकर भारी आक्रोश, प्रशासन पर मनमानी का आरोप



■ पालिका अधिकारी इंजीनियर लोगो ने किया जमकर विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

बांधा तालाब बचाव महाअभियान के तहत नगरवासियों में नगर प्रशासन एवं क्षेत्रीय विधायक के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है। सैकड़ों वर्षों पुराने जीवनदायी बांधा तालाब के संरक्षण की मांग को लेकर स्थानीय लोग लगातार आवाज उठा रहे हैं, बावजूद इसके प्रशासन द्वारा उनकी समस्याओं और आपत्तियों को नजरअंदाज किया जा रहा है। नगरवासियों का आरोप है कि प्रशासन जिद्द पर अड़ा हुआ है और तालाब के भीतर से ही नाली निर्माण का कार्य कराया जा रहा है, जो न केवल तालाब के अस्तित्व के लिए खतरा है बल्कि पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए भी गंभीर नुकसानदायक साबित हो सकता है। जिस पर नगर पालिका के अधिकारी एवं इंजीनियर अन्य कर्मचारियों को लेकर जेसीबी मशीन के साथ-साथ पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे और कार्य प्रारंभ कराने का प्रयास किया, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। जिसके विरोध स्वरूप बड़ी संख्या में स्थानीय जन जेसीबी के सामने धरने पर बैठ गए और कार्य को रोकने की मांग कर खूब नारे बाजी करने लगे। इस दौरान आक्रोशित नागरिकों द्वारा विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पुलिस बल भी उपस्थित थें। वहीं आंदोलनकारियों का कहना है कि यदि तालाब के साथ छेड़छाड़ बंद नहीं की गई और जनभावनाओं का सम्मान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**जबरन निर्माण कार्य करवाने का प्रयास**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर प्रशासन पुलिस बल के दबाव में जबरन निर्माण कार्य करवाने का प्रयास कर रहा है, जो जनभावनाओं के विपरीत है और लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन है जबकि स्थानीय लोगों द्वारा इस समस्या को लेकर पूर्व में कई बार लिखित शिकायत संबंधित नगर पालिका परिषद, अनुविभागीय अधिकारी यहां तक के क्षेत्रीय विधायक तक पहुंचा चुके है जिसमें टेंडर भ्रष्टाचार, गलत निर्माण, तालाब के अंदर से नाली निकलने सहित अन्य गंभीर आरोप भी लगाए हैं। उसके बावजूद किसी ने कोई सुध नहीं ली जिसके चलते लोगों में आक्रोश बढ़ता दिख रहा है।

## अभ्युदय की बेटी बनी सिविल जज



**कवर्धा।** अपनी उपलब्धियों के लिए विख्यात शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अभ्युदय स्कूल परिवार के लिए यह अत्यंत गौरव और हर्ष का क्षण है कि विद्यालय की पूर्व छात्रा सिमरप्रीत कौर ने अपने अदम्य साहस, कठोर परिश्रम और अटूट संकल्प के बल पर मात्र 25 वर्ष की आयु में, अपने पहले ही प्रयास में छत्तीसगढ़ सिविल जज परीक्षा में 11वीं रैंक प्राप्त कर एक नई मिसाल कायम की है। सिमरप्रीत की सफलता की कहानी और भी प्रेरणादायक इसलिए है क्योंकि वे अपनी विद्यालयीन शिक्षा के दौरान प्रतिदिन लगभग 35 किलोमीटर दूर पंडरिया से विद्यालय आना-जाना करती थीं। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी और अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर समर्पित रहीं। उनकी यह उपलब्धि आज हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बन गई है। अपनी सफलता पर सिमरप्रीत कौर ने कहा कि अभ्युदय स्कूल ने उनकी सफलता की यात्रा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि यहां पढ़ने वाले सभी विद्यार्थी वास्तव में खुशनसीब हैं और इस विद्यालय का हिस्सा बनना उनके लिए गर्व की बात है। यहां केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की शिक्षा भी दी जाती है, जिससे विद्यार्थियों का संपूर्ण व्यक्तित्व विकास होता है। विद्यालय की मजबूत शैक्षणिक नींव, शिक्षकों का निरंतर मार्गदर्शन और अनुशासित वातावरण ने उन्हें अपने लक्ष्यों पर केंद्रित रहने में सहायता की। उन्होंने अपने सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल शिक्षा दी, बल्कि जीवन जीने का सही मार्ग भी दिखाया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य तोरण साहू ने सिमरप्रीत कौर को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह अभूतपूर्व सफलता न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय है।

# परीक्षा बनी मजाक, मुख्यमंत्री स्कूल शिक्षा गुणवत्ता की धज्जियां, पांच जिले के सभी छः प्रश्न-पत्र निकले हुबहू

■ टीचर्स एसोसिएशन उच्च स्तरीय जांच हेतु मुख्यमंत्री के नाम सौंपेगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के मिडिल स्कूलों में दस अप्रैल को आयोजित वार्षिक परीक्षा के आखिरी पेपर में छठवीं के अंग्रेजी व सातवीं के सामाजिक विज्ञान विषय का परीक्षा लिया गया। कबीरधाम, धमतरी, दुर्ग, बालोद व बलरामपुर जिले के प्रश्नपत्रों का मिलान करने पर फिर से हुबहू प्राप्त हुआ। इस प्रकार स्पष्ट है कि लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा जारी निर्देशों को दरकिनार करते हुए प्रदेश के पांच जिले कबीरधाम, दुर्ग, धमतरी, बालोद व धमतरी में कक्षा छठवीं व सातवीं के सभी विषयों का प्रश्न-पत्र हुबहू मुद्रण कराकर परीक्षा ले लिया गया। लोक शिक्षण संचालनालय ने विगत चार फरवरी को जारी परीक्षा संबंधी निर्देश में जिला स्तर पर प्रश्नपत्र निर्माण, मॉडरेशन व संचालन समिति गठित कर प्रश्नपत्र मुद्रण कराने का स्पष्ट निर्देश दिया था, लेकिन इन पांचों जिलों में से किसी चार जिले ने इसकी अवहेलना करते हुए दूसरे जिले के प्रश्नपत्र को ही प्रिंट करा लिया। इसकी उच्चस्तरीय जांच से परीक्षा में भर्राशाही का बड़ा खुलासा हो सकता है। विगत दिनों इस विषय को लेकर छग टीचर्स एसोसिएशन ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा था, लेकिन अब तक कोई जांच समिति गठित नहीं हुआ है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि पांच जिलों में हुबहू प्रश्नपत्र की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर शीघ्र ही प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव व लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के संचालक के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल, सुरतिया साहू, मनोज चन्द्रवंशी, राजेश तिवारी, जोहन पुनाचा, दुर्गा चन्द्रवंशी, गणेश कुर्रे, धरम प्रकाश मिश्रा, उमेश चन्द्रवंशी आदि ने कहा कि एक ओर तो इस वर्ष गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाया गया, वहीं दूसरे ओर इस अभियान के सफलता की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों पर है, वे ही इसे असफल करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। विद्यार्थियों के वर्षभर के मूल्यांकन हेतु लिए जाने वाले वार्षिक परीक्षा में पांच जिले में जिस प्रकार की भर्राशाही किया गया, इसकी उच्च स्तरीय जांच कर खुलासा किया जाना आवश्यक है, ताकि शिक्षा जैसे पुनीत कार्य पर दाग लगाने वाले अधिकारियों की चेहरे बेनकाब हो तथा ऐसे कार्यों की पुनरावृत्ति पर रोक लग सके।

### पहले से आउट प्रश्न-पत्र से भी ली गई परीक्षा

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि कबीरधाम, धमतरी, दुर्ग व बलरामपुर जिले में विगत तीस मार्च को छठवीं के गणित व सातवीं के हिन्दी विषय का परीक्षा हुआ। बालोद जिले ने छठवीं व सातवीं के इसी हुबहू प्रश्न-पत्र से एक अप्रैल को परीक्षा ले लिया। इस प्रकार स्पष्ट है कि बालोद के पड़ोसी जिले दुर्ग व धमतरी के बच्चों के पास तीस मार्च 2026 को जो प्रश्नपत्र था, उसी से बालोद जिले ने एक अप्रैल 2026 को परीक्षा ले लिया।

## स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के आयोजन से ग्रामीणों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत विकासखंड बोड़ला में स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को उनके स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओं अभिषेक अग्रवाल ने बताया की जागरूकता गतिविधियाँ के आयोजन में विभागों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान एएनसी जांच, बाल वृद्धि निगरानी एवं अनुपूरक पोषण पंजीकरण जैसी महत्वपूर्ण सेवाएँ प्रदान की जा रही है। साथ ही गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं आमजन को स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम हो रहा है। उल्लेखनीय है कि आकांक्षी विकासखंड बोडला में संपूर्णता अभियान 2.0 संचालित है। इस दौरान विभिन्न विभाग अपनी जन कल्याणकारी योजनाओं से स्थानीय समुदाय को लाभान्वित कर रहे है। स्वास्थ्य शिक्षा पोषण जैसे महत्वपूर्ण कारकों के द्वारा स्थानीय समुदाय को विकास के मुख्य धारा से जोड़ने का काम हो रहा है।

इसी क्रम में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना एवं समुदाय को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करने यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण आहार के रूप में रेडी टू ईट का वितरण किया गया तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को स्वादिष्ट व्यंजन परोसा गया।

**भाजपा मंडल पंडरिया के ग्राम मोहतरा खुर्द के बूथ क्रमांक 120 में आयोजित किया गया कार्यक्रम**

# भाजपा पंडरिया मंडल का गांव चलो बस्ती चलो अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडिरया

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित राष्ट्रव्यापी गांव चलो बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल पंडरिया के ग्राम मोहतरा खुर्द (बूथ क्रमांक 120) में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अभियान के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं ने जन-जन तक पहुंचकर शासन की योजनाओं और पार्टी की विचारधारा को साझा किया। अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में गोपाल साहू विशेष आमंत्रित सदस्य, प्रदेश कार्यसमिति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने घर-घर जाकर भाजपा का ध्वज लगाकर किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और संगठन की मजबूती पर बल दिया। स मा प न अवसर पर पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के प्रति कृ त ज्ञ ता व्यक्त करते हुए, गोपाल साहू ने वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता गोवर्धन साहू एवं समेलाल साहू को भाजपा का गमछा पहनाकर सम्मानित किया।



### भाजपा नेताओं ने अभियान के दौरान लाभार्थियों से किया सीधा संवाद

अभियान के दौरान अतिथियों और कार्यकर्ताओं ने शासन की जनहितकारी योजनाओं के लाभार्थियों से भेंट के क्रम में महतारी वंदन योजना की लाभार्थी रजनी यादव और कचरा बाई यादव से मुलाकात कर योजना के लाभ के संबंध में चर्चा की गई। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही कांति बाई साहू और नारायण यादव के निवास पर पहुंचकर उनसे संवाद किया गया। सामुदायिक सहभागिता के प्रतीक स्वरूप नवधा रामायण मंच परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जहां सभी कार्यकर्ताओं ने श्रमदान किया। कार्यक्रम के अंत में एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी संगठनात्मक लक्ष्यों और केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी कल्याण सिंह, मंडल संयोजक (कर्मचारी प्रकोष्ठ) संतोष साहू, बूथ अध्यक्ष शिवसहाय साहू, ओबीसी मोर्चा महामंत्री, भुनेश्वर प्रसाद,सरपंच प्रतिनिधि अशोक साहू, बूथ सचिव मोहन साहू सहित रुद्रमणि यादव, समेलाल साहू, हीरालाल साहू, शिवप्रसाद, जगदीश, जेठू निर्मलकर, सहदेव, मनीष एवं बूथ क्रमांक 120 के समस्त सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायतों में मजदूरों की मजदूरी 4 माह से लंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले की ग्राम पंचायतों में पिछले 4 महीनों से मजदूरों की मजदूरी का भुगतान लंबित है तथा 2 से 3 महीनों से निर्माण कार्यों में लगी सामग्री का भुगतान भी रोका गया है। इससे पंचायतों के विकास कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहे है। इस संबंध में अमन वर्मा उपसरपंच ग्राम पंचायत बद्दो ने भाजपा सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि यह सरकार गरीब, मजदूर और ग्रामीणों के हितों के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील हो चुकी है। मजदूर दिन-रात मेहनत कर गांव के विकास में योगदान दे रहे हैं, लेकिन उनकी मेहनत की कमाई को महीनों तक रोक कर रखना सरकार की विफलता और गलत नीतियों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार केवल झूठे वादे और विज्ञापन में व्यस्त है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि मजदूर अपने ही पैसे के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। पंचायतों में विकास कार्य ठप पड़ गए हैं, लेकिन सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। अमन वर्मा ने तीखा सवाल करते हुए कहा किक्या भाजपा सरकार मजदूरों का हक छीनकर उन्हें आर्थिक रूप से कमजोर करना चाहती है? क्या यही है भाजपा का ग्रामीण विकास मॉडल, जहां मजदूरों को महीनों तक उनका मेहनताना नहीं दिया जाता? उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तत्काल मजदूरी एवं सामग्री का लंबित भुगतान जारी नहीं किया गया, तो मजदूरों और ग्रामीणों के साथ मिलकर सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मजदूरों के अधिकारों के लिए हर स्तर पर आवाज उठाई जाएगी और भाजपा सरकार को जवाब देना ही होगा।